

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 30 सितंबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-183 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 01 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पैसा दुगुना करने का लालच देकर 30 गांवों के ग्रामीणों से करोड़ों की ठगी

**बलरामपुर 30सितंबर।** जिले के वाड्रफनगर के चलगली थाना क्षेत्र में ग्रामीणों से करोड़ो रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. पैसे डबल करने का लालच देकर लोगों को चूना लगाया गया है. 30 गांव के ग्रामीणों ने पैसा डबल होने के लालच में पीएम आवास योजना तक का पैसा दे दिया है. 50 से ज्यादा पीड़ितों ने मामले की शिकायत चलगली थाने में की है.

ग्रामीणों के अनुसार, ANTOFAGASTA ऐप के माध्यम से पैसा डबल करने का लालच देकर 30 गांव के लोगों से लगभग 10 करोड़ रुपए की ठगी की गई है. ग्रामीणों ने लालच में आकर प्रधानमंत्री आवास योजना और धान की फसल गिरवी रखकर पैसा गंवाया है. इसकी शिकायत 50 से ज्यादा संख्या ग्रामीणों ने थाने में की है. ग्रामीणों के मुताबिक, अन्य लोगों के साथ भी ठगी होने की आशंका है. शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. इस मामले में बलरामपुर पुलिस अधीक्षक वैभव वेंकट ने बताया कि शिकायत पुलिस को मिली है. पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है. ठगी करने वाले गिरोह को जल्द से जल्द बलरामपुर पुलिस पकड़ेगी.

### पोटाकेबिन में छात्र की मौत पर कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**बीजापुर 30 सितंबर।** पोटाकेबिन में पहली कक्षा में अध्ययनरत आदिवासी बच्चे की मौत मामले में कांग्रेस ने सात सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है. बीजापुर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम को समिति के संयोजक बनाए गए हैं. यह समिति आज घटना स्थल दुगईगुड़ा पहुंचकर मामले की जांच करेगी, फिर रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को सौंपेगी. दरअसल शनिवार को दुगईगुड़ा के आवासीय विद्यालय में पहली कक्षा में अध्ययनरत आदिवासी छात्र राजेश पुनेम की अचानक तबीयत बिगड़ी. उसे पास के आवापल्ली स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया था, जहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया. डॉक्टर ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया था. इस मामले की जांच के लिए अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच समिति बनाई है.

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर डॉक्टर सहित दो की मौत

**धरसीवां 30 सितंबर।** रायपुर- बिलासपुर हाईवे में भीषण सड़क हादसा हो गया है। इस हादसे में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार के चालक सहित रायपुर के एक डॉक्टर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। दरअसल यह पूरी घटना रायपुर-बिलासपुर हाईवे के तरपोंगी के पास की है। जहां पर रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार और ट्रक सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी। टक्कर इतनी जोरदार थी की कार के परखच्चे उड़ गए है। मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक में रायपुर का एक डॉक्टर भी शामिल है। वहीं धरसींवा पुलिस मौके पर मौजूद है।

### आईईडी ब्लास्ट में घायल सीआरपीएफ के जवान लाए गए रायपुर

**रायपुर 30 सितंबर।** बीजापुर में नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आने से घायल हुए सीआरपीएफ के पांच जवानों को रायपुर के अस्पतालों में बेहतर उपचार के लिए दाखिल कराया गया है. इनमें से चार जवानों को नारायणा अस्पताल और एक जवान को बाजाली अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बता दें कि नक्सल प्रभावित बीजापुर के तर्रेम थाना क्षेत्र में नक्सली मोर्चे पर तैनात सुरक्षाबल के जवान रविवार को नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आ गए थे।

# भगवान को राजनीति से दूर रखें: सुको

## तिरुपति लड्डू मामले में सुनवाई जारी



**नई दिल्ली 30 सितंबर।** तिरुपति लड्डू मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। शीर्ष न्यायालय ने सोमवार को कहा है कि जो लोग संवैधानिक पदों पर बैठे हुए हैं, उन लोगों से उम्मीद की जाती है कि वह भगवान को राजनीति से दूर रखेंगे। तिरुपति मंदिर के लड्डू की शुद्धता को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। दावा किया जा रहा था कि प्रसाद के लड्डू में जानवर की चर्बी है।

याचिकाकर्ताओं में डॉक्टर सुब्रमण्यम स्वामी, वाईबी सुब्बा रेड्डी, विक्रम सेठ और दुष्यंत श्रीधर शामिल हैं। सोमवार को मामले की सुनवाई जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच कर रही है।

शीर्ष न्यायालय ने आंध्र प्रदेश सरकार से कहा कि लैब की रिपोर्ट से संकेत मिले हैं कि जिस घी की जांच की गई है, वह रिजेक्ट किया हुआ घी था। अदालत ने कहा कि जब सरकार की तरफ से गठित एसआईटी जांच कर रही है, तो प्रेस के पास जाने की जरूरत क्या था। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या मानकों पर खरे नहीं उतरे घी का इस्तेमाल प्रसाद में किया जा रहा था।

इसपर सरकार नेकहा कि वह इस मामले की जांच कर रहे हैं। एपेक्स कोर्ट ने कहा, तो तत्काल प्रेस के पास जाने की क्या जरूरत थी? आपके धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने की जरूरत है। अदालत ने राज्य सरकार से सबूत मांगा की लड्डू में इस्तेमाल हो रहा घी खराब था, तो सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से पेश हुए वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि लोगों ने शिकायत की थी लड्डू का स्वाद ठीक नहीं है।

अदालत ने कहा कि जनता को इसकी जानकारी नहीं थी, आपने बयान दिया है। कोर्ट ने कहा, इस बात का कोई सबूत नहीं है कि दूषित घी का इस्तेमाल प्रसादम के लिए हुआ था।

### एक ही रात में नौ दुकानों के ताले टूटे, तीन लाइन अटैच

**बालोद 30 सितंबर।** गश्त में लापरवाही बरतने पर एक सहायक उप निरीक्षक सहित दो आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया गया है. गुरुर नगर में 9 दुकानों में एक साथ चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया था. इस दौरान गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आई थी. इसे भी पढ़ें = छत्तीसगढ़ में करोड़ों की ठगी = पैसा डबल होने के लालच में फंसे 30 गांव के ग्रामीण, पीएम आवास योजना का भी दे दिया पैसा 27 और 28 सितंबर की दरम्यानी रात थाना 9 दुकानों में चोरी हुई थी. मामले में गुरूर थाना में अपराध धारा 305, 331 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है. गुरूर से सेक्टर-3 (थाना बालोद, गुरूर, पुरूर, सनीय व चौकी कंवर) में सउनि हुसैन सिंह ठाकुर के साथ आरक्षक प्रहलाद कुर्रे व आरक्षक चंद्रेश साहू की गश्त ड्यूटी लगाई गई थी. प्रथम दृष्ट्या रात्रि सेक्टर गश्त चेक अधिकारी और साथ में लगे कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई थी.

पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता ल स्वेच्छाचारिता नजर आने पर गुरूर थाना से सउनि हुसैन सिंह ठाकुर, आरक्षक प्रहलाद कुर्रे व आरक्षक चंद्रेश साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र जिला बालोद सम्बद्ध किया है।

# छत्तीसगढ़ को राजमार्गों के लिए 10,000 करोड़ की सौगात

## राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के डीपीआर को मिली मंजूरी



■ **रायपुर, 30 सितंबर**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ को 10,000 करोड़ रुपये की बड़ी सौग़ात दी है। इस राशि से राज्य में 4 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इन परियोजनाओं से राज्य में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और परिवहन की सुविधाएं बेहतर होंगी। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आज नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ बैठक के दौरान इन परियोजनाओं पर चर्चा की। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर गहन मंथन हुआ।4 नई परियोजनाओं के लिए डीपीआर को केंद्र की स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस महत्वपूर्ण सौग़ात के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देकर सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी।

# मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार



**नई दिल्ली 30 सितंबर।** 50 दशक से फिल्मी दुनिया पर राज कर रहे अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यूनियन मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर यह खुशखबरी शेयर की है। मिथुन चक्रवर्ती हिंदी सिनेमा के उम्दा कलाकार हैं। कोलकाता की गलियों से आए मिथुन दा ने फिल्मी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। 1976 के बाद से फिल्मों में उनका अभिनय का दम दिख रहा है। ऐसे में दशकों तक शानदार काम के लिए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। मिथुन चक्रवर्ती को देश के सर्वोच्च सम्मान में से एक दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा है। यूनियन मिनिस्टर ने 30 सितंबर की सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अनाउंसमेंट की है। मिनिस्टर ने ट्वीट में लिखा, मिथुन दा की शानदार सिनेमैटिक जर्नी कई पीढ़ियों को सम्मानित करती है। अश्विनी वैष्णव ने आगे लिखा, यह घोषणा करते हुए मुझे गर्व हो रहा है कि दादा साहब फाल्के चयन निर्णायक मंडल ने महान अभिनेता श्री मिथुन चक्रवर्ती जी को भारतीय सिनेमा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। मिथुन को 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स सेरेमनी में सम्मानित किया जाएगा।

# दिल्ली में अडानी की सरकार: राहुल



**नई दिल्ली 30 सितंबर।** अंबाला में कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता राहुल गांधी ने एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि महिला शक्ति योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने 2000 रुपये जमा किये जायेंगे। एलपीजी सिलेंडर 500 रुपए में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक सुरक्षा के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करेंगे और विधवाओं, बुजुर्गों और विकलांगों के बैंक खातों में हर महीने 6000 रुपए जाएंगे। गारंटीशुदा एमएसपी दी जाएगी।

राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा सरकार पहला कदम है। यहां बदलाव होगा लेकिन जब दिल्ली में सरकार आएगी तो मैं जानना चाहता हूं कि गरीबों की जेब में कितना पैसा जा रहा है और उनकी जेब से कितना पैसा निकल रहा है और मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। सब जो छोटी पार्टियां यहां (हरियाणा में चुनाव लड़ रही हैं) वे भाजपा की पार्टी हैं। उनका रिमोट कंट्रोल उनके हाथ में है। उन्होंने रकहा कि लड़ाई बीजेपी और कांग्रेस के बीच है। यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ न्याय है, दूसरी तरफ अन्याय। यह मोदी जी की सरकार नहीं है। ये अडानी की सरकार है। हम हरियाणा में अडानी जी जैसे लोगों की सरकार नहीं चाहते। हम हरियाणा में किसानों और गरीबों की सरकार चाहते हैं।

राहुल ने कहा कि अडानी खेत में मेहनत नहीं करते, कोई छोटा व्यापार नहीं करते। लेकिन हर सुबह उनके बैंक अकाउंट में सुनामी की तरह पैसा आ रहा है। जितना पैसा उनके अकाउंट में सुनामी की तरह घुस रहा है। उतना ही पैसा आपके बैंक अकाउंट से तूफान की तरह निकलता जा रहा है। वहीं, इस दौरान प्रियंका ने कहा कि हमारे पहलवानों के साथ क्या किया गया? उन्हें सड़क पर बैठाया गया, वे विरोध करते रहे। प्रधानमंत्री के पास उनसे मिलने के लिए 5 मिनट भी नहीं थे। और फिर आप सभी ने देखा कि हाल ही में ओलंपिक में क्या हुआ। आप लड़ने वाले लोग हैं, आप स्वाभिमानी हैं। आप महंगाई के खिलाफ लड़ रहे हैं, संघर्ष कर रहे हैं। सरकार आपके लिए कुछ नहीं कर रही। अगर आज स्वाभिमान से जीना चाहते हो, न्याय चाहते हो तो इस सरकार को उखाड़ फेंको।

# ब्लाइंड मर्डर केस की सुलझी गुत्थी, नौकरानी बुजुर्ग की हत्या के मामले में गिरफ्तार

**रायगढ़ 30 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में 4 दिन पहले एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। अब पुलिस ने कामवाली बाई साधमति, उसका बेटा दीपक यादव और उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर लेकर हत्यारा भाग गया था। मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है। दरअसल, 25 सितबंर की रात को रमेश तिवारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। 26 सितबंर को लहूलुहान हालत में उसका शव घर में मिला था। पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं। पूछताछ के बाद सोमवार को पूरे मामले का खुलासा करने की बात कह रहे हैं। दरअसल मृतक बब्बू तिवारी के घर में वर्षो से काम करने वाली बाई का बेटा ही कातिल निकला, मामले को सुलझाने रायगढ़ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में उनकी टीम लगातार 3 दिनों तक काम करती रही, जिसमे पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम, व डॉग स्क्वाड की भी मदद ली गयी। आखिरकार 3 दिन बाद रायगढ़ पुलिस को ब्लाइंड मर्डर केस में सफलता मिल गयी।

आरोपी के पकड़े जाने के बाद मृतक की बेटी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि हमें तो बिलकुल अंदेशा ही नहीं था की जो बाई हमारे घर में वर्षो से काम कर रही है, उसी का बेटा ही कातिल निकलेगा। आरोपी दीपक मेरी बड़ी बहन के साथ का है, हम लोग उसको बचपन से जानते है। दीपक ने ऐसा पैसे के लिए किया है।

# रायपुर में पहली बार नो योर आर्मी मेला 5 व 6 को

■ **रायपुर 30 सितंबर**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में पहली बार जिला प्रशासन और इंडियन आर्मी की ओर से 5 और 6 अक्टूबर को 'नो योर आर्मी' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. पहली बार इंडियन आर्मी का सबसे शक्तिशाली T-90 टैंक इस कार्यक्रम में लाया जा रहा है. यहां युवाओं को भारतीय सेना को करीब से जानने का मौका मिलेगा. भारतीय सेना की टीम इस कार्यक्रम के लिए रविवार को रायपुर पहुंची.

बता दें कि T-90 टैंक जंगी टैंक को रूस ने बनाया है. यह थर्ड जनेरेशन टैंक की श्रेणी में आता है. इससे 2 किलोमीटर तक की रेंज में हेलीकॉप्टर को मार गिरा सकते हैं. इसे आसान भाषा में टैंक की बुलेट-प्रूफ जैकेट कह सकते हैं. इससे 100 मीटर से लेकर 4000 मीटर तक की रेंज में निशाना लगाया जा सकता है. स्ट्रेला-10 को भी रायपुर में दिखाया जाएगा. ये एक छोटी दूरी की सरफ़ेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम प्रणाली है. इसका इस्तेमाल कम ऊंचाई वाले प्लेन, हेलीकॉप्टरों, ड्रोन या RPV (रिमोटली पायलटेड व्हीकल्स) को मार गिराने के लिए किया जाता है.

इस मेले में भारतीय सेना के हथियारों एवं उपकरणों का प्रदर्शन होगा, जिसमे टैंक्स, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, आर्टिलरी गन्स एवं एयर डिफेन्स गन्स शामिल होंगी. साथ ही कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के कमांडोज अपने अद्भुत रणकौशल का प्रदर्शन भी करेंगे, जिसमे कमांडोज द्वारा हवाई जहाज से पैरा जम्प एवं स्लिदरिंग का भी रोमांचक प्रदर्शन किया जाएगा. 05 अक्टूबर की संध्या सेना के बैंड्स द्वारा दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक भव्य म्यूजिकल शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें जबलपुर एवं वाराणसी से आए मिलिट्री बैंड्स की प्रतिभागिता होगी।

# रंजन गोगोई से जुड़ी याचिका पर सीजेआई ने पक्षकार को लगाई फटकार



**नई दिल्ली 30 सितंबर।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वादी द्वारा राहत न देने के लिए जज के खिलाफ इन हाउस जांट की मांग करने को लेकर आपत्ति जताई। वादी ने याचिका में पूर्व सीजेआई रंजन गोगई को प्रतिवादी के रूप में पेश किया गया। उन्होंने कहा कि याचिका मई 2018 में दायर की गई थी। याचिका पर आश्चर्य जताते हुए सीजेआई ने कहा कि आप जज को प्रतिवादी बनाकर जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? कुछ गरिमा होनी चाहिए। आप ये नहीं कह सकते कि मैं जज के खिलाफ इन हाउस जांच चाहता हूं। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि क्या यह अनुच्छेद 32 की याचिका है? आप प्रतिवादी के रूप में किसी न्यायाधीश के समक्ष जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? कुछ गरिमा होनी चाहिए। डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता के अनौपचारिक लहजे पर आपत्ति जताई और पीठ को संबोधित करते हुए हाँ शब्द के इस्तेमाल पर असहमति व्यक्त की। सीजेआई ने कहा कि हां-हां मत कहो। यह कोई कॉफ़ी शॉप नहीं है। मुझे हाँ कहने वाले लोगों से थोड़ी एलर्जी है। इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने सवाल किया कि क्या यह मामला अनुच्छेद 32 की याचिका के लिए उपयुक्त है, जो मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए सर्वोच्च न्यायालय में सीधे अपील की अनुमति देता है।

जब याचिकाकर्ता, जिसने कहा कि वह पुणे का रहने वाला है, मराठी में दलीलें देने लगा तो सीजेआई ने भी उसी भाषा में जवाब देना शुरू कर दिया। मराठी में सीजेआई ने पक्षकार को यह समझाने की कोशिश की कि किसी जज के खिलाफ केवल राहत देने से इनकार करने पर याचिका दायर नहीं की जा सकती। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि जब किसी हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाती है तो मामले का फैसला करने वाले हाईकोर्ट जज को पक्षकार नहीं बनाया जाता।

### फर्जी ट्रेडिंग एप के शिकार बैंक मैनेजर ने गंवाए 21 लाख

**जगदलपुर 30 सितंबर।** एक बार फिर से फर्जी ट्रेडिंग एप के जरिए ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें एक्सिस बैंक के मैनेजर मनोज जोशी 21 लाख रुपए गंवा बैठे. ठगों ने कई गुना रिटर्न का झांसा देकर मनोज से फर्जी एप में निवेश करवा लिया. बोधघाट थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, शुरुआत में एप पर मनोज जोशी के निवेश को मुनाफे में दिखाया गया, लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो विड्रॉल नहीं हुआ, जिससे उन्हें ठगी का अहसास हुआ. इसके बाद उन्होंने थाने में एफआईआर दर्ज कराया. बता दें कि इससे पहले भी जगदलपुर में ठगी के ऐसे दो मामले सामने आ चुके हैं।

# हाई कोर्ट में फर्जी ओआईसी जमा करने से नाराज महाधिवक्ता ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

■ **बिलासपुर 30 सितंबर**



छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने कमाल कर दिया। हाई कोर्ट की नोटिस के बाद महाधिवक्ता कार्यालय ने जल संसाधन विभाग के ओआईसी को जवाब फाइल कराने तलब किया। उसने अपनी जगह दूसरे को नकली ओआईसी बनाकर एजी आफिस भेज दिया। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने जब जरुरी दस्तावेजों के संबंध में जानकारी मांगी तब पोल खुल गई। धोखाधड़ी से नाराज महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने चीफ सिकरेट्री को पत्र लिखकर दोनों अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने कहा है। एजी आफिस में जवाब दावा बनवाने के लिए अब शासन द्वारा नियुक्त ओआईसी को ही भेजने की बात कही है।

रिट याचिकाओं की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट के निर्देश के परिपालन में शासन द्वारा नियुक्त संबंधित विभाग के ओआईसी को महाधिवक्ता कार्यालय ने जवाब दावा बनवाने के लिए सूचना दी थी। सुरेश कुमार पांडे, ईई, डब्ल्यूआरडी, तांदुला डिवीजन, दुर्ग को राज्य शासन ने सभी मामलों में प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया। 25 जनवरी 2024 को फ़ाइल संबंधित प्रभारी अधिकारी को आवंटित की गई थी और उसके बाद, 25 सितंबर 2024 को जवाब-दावा तैयार किया गया था।

26 सितंबर 2024 को प्रदीप कुमार वासनिक, ईई, डब्ल्यूआरडी, कोरबा सभी संदर्भित मामलों में सुरेश कुमार पांडे बनकर जवाब-दावा बनवाने महाधिवक्ता कार्यालय पहुंचे। महाधिवक्ता कार्यालय के ला अफसरों ने ओआईसी सुरेश पांडेय समझकर जरुरी और महत्वपूर्ण फाइल प्रदीप वासनिक के हवाले कर दिया। हाई कोर्ट के लिए रिटर्न फाइल करने के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता ने जब जरुरी दस्तावेजों और शासन के दिशा निर्देशों के बारे में पूछा तो प्रदीप वासनिक जवाब नहीं दे सके। आखिरकार उन्होंने स्वीकार किया कि वे जवाब फाइल कराने के लिए सुरेश कुमार पांडेय बनकर महाधिवक्ता कार्यालय पहुंचे हैं। वास्तव में वह प्रदीप वासनिक हैं। महाधिवक्ता कार्यालय के ला अफसरों के साथ राज्य शासन के विभाग के दो जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा की गई धोखाधड़ी को महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने गंभीरता के साथ लिया है। महाधिवक्ता ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में इस बात को लेकर नाराजगी जताई है। यह भी लिखा है दो जिम्मेदार अफसरों द्वारा महाधिवक्ता कार्यालय से की गई धोखाधड़ी के कारण जवाब भी फाइल नहीं हो सका है। एजी ने लिखा है कि जल संसाधन विभाग के दोनों अफसर सुरेश कुमार पांडेय और प्रदीप वासनिक का कृत्य बेहद निंदनीय है। एजी ने कहा है कि यह एक ऐसा कृत्य है जो न केवल न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के बराबर है बल्कि धोखाधड़ी भी है। प्रदीप कुमार वासनिक की उपरोक्त कार्रवाई प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी के बराबर है जो भारतीय न्याय संहिता-2023 के प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध है।

एजी प्रफुल्ल भारत ने चीफ सिकरेट्री को लिखे पत्र में यह भी कहा है कि महाधिवक्ता कार्यालय में, हमारे पास कोई पहचान प्रक्रिया नहीं है। विभाग द्वारा प्रभारी अधिकारी को जारी किए गए पत्र पर, फाइलें सौंप दी जाती हैं। प्रभारी अधिकारी द्वारा दिए गए तथ्यात्मक निर्देशों के अनुसार, रिटर्न तैयार किया जाता है। ऐसे मामले हो सकते हैं जिनमें प्रभारी अधिकारी के अलावा किसी अन्य व्यक्ति ने मामले में रिटर्न दाखिल किया होगा जिससे राज्य को नुकसान हो सकता है।

प्रदीप कुमार वासनिक और सुरेश कुमार पांडे के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया जाता है, जिन्होंने वासनिक को अपनी जगह महाधिवक्ता कार्यालय भेज दिया। महाधिवक्ता ने सीएस से दो टूक कहा कि राज्य शासन द्वारा विभागवार नियुक्त ओआईसी ही रिटर्न फाइल कराने के लिए महाधिवक्ता कार्यालय आएंगे। किसी अन्य व्यक्ति को रिटर्न फाइल कराने आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निर्देश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 319 के प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। महाधिवक्ता कार्यालय के साथ धोखाधड़ी करने के लिए प्रदीप कुमार वासनिक और सुरेश कुमार पांडे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और कार्यालय को सूचित करने की बात एजी ने सीएस से कही है। एजी के पत्र की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पत्र में लिखी गई बातों को गंभीरता के साथ लेने कहा है। महेश गिरी व अन्य,अनिल कुमार दुबे व जीएल. साहू ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में अलग-अलग याचिका दायर की है।

# पीएम मोदी ने खड़गे को फोन कर पूछा सेहत का हाल

**नई दिल्ली 30 सितंबर।** जम्मू-कश्मीर में चुनावी कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पीएम मोदी के विरोधी मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें साथी नेताओं और सुरक्षा कर्मियों ने संभाला। हालांकि उनकी सेहत में अब सुधार है। इसी बीच पीएम नरेन्द्र मोदी को जब इसकी जानकारी हुई तो खुद ही मल्लिकार्जुन खड़गे से फोन पर बात कर उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य की जानकारी ली।

दरअसल कार्यक्रम के दौरान जब खड़गे लोगों को संबोधित कर रहे थे उस दौरान वो आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को लेकर भावुक हो गए। खड़गे ने भावुक होकर कहा, 'जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में हैं और भाजपा देश पर शासन कर रही है, मैं न तो चैन से बैठूंगा और न ही मरूंगा। भाषण देने के दौरान वो कुछ देर के लिए असहज महसूस करने लगे। इसी दौरान मंच पर ही अचानक से उनकी आवाज लड़खड़ाने लगी। उनके साथ मौजूद वहां उनके सहयोगी तुरंत उनके पास पहुंचे और सहारा देकर, वहां से ले गए।

खड़गे की तबीयत में थोड़ा सुधार आया तो कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फिर मोर्चा संभाला और भाषण दिया। मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि 'जब तक मोदी सत्ता में हैं, मैं नहीं मरूंगा', उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों में भारत के युवाओं को कुछ नहीं दिया। क्या आप ऐसे व्यक्ति पर विश्वास कर सकते हैं जो 10 साल में आपकी समृद्धि वापस नहीं ला सकता? अगर कोई भाजपा नेता आपके सामने आता है, तो उससे पूछें कि वे समृद्धि लाए या नहीं। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री यहां आकर युवाओं के भविष्य के लिए झूठे आंसू बहा रहे हैं। सच तो यह है कि इन लोगों ने पिछले 10 वर्षों में पूरे देश के युवाओं को अंधकार में धकेल दिया है। इसके लिए खुद पीएम मोदी जी जिम्मेदार हैं।

एक नजर

### गांजा ले जाते 3 गिरफ्तार



**भिलाई, 30 सितंबर।** भिलाई अवैध रुप से गांजा परिवहन करते तीन आरोपियों को रानीतराई पुलिस ने पकड़ा है। उनके कब्जे से 5 किलो 203 ग्राम गांजा वाहन सहित 6 नग मोबाइल बरामद कर लिया है रानीतराई टीआई प्रकाश कांत ने बताया कि मुखबिर माध्यम से सूचना मिली कि सफेद कलर की कार से कुछ लोग अवैध रूप से गांजा लेकर जा रहे हैं। सूचना पर अवैध रूप से गांजा ले जाते तीन आरोपियों रामेश्वर प्रसाद साहू पिता लखन लाल साहू य38 सालद्ध निवासी ग्राम बिलासपुर थाना सरसिवा जिला सारंगगढ़ एवं उनके अन्य साथी देवेंद्र कुमार साहू य23 वर्षद्ध निवासी ग्राम बड़े मुड़पार थाना कोसिर जिला सारंगगढ़ए जयंत कुमार साहू य27 साल द्ध निवासी ग्राम बिलासपुरए जिला सारंगगढ़ को पकड़ा पुलिस ने बताया कि वे ओडिशा से गांजा की सप्लाई करने राजनांदगाव गये थे वहां ग्राहक नहीं मिलने पर वापस सारंगगढ़ जा रहे थे इधर पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध रुप से गांजा रखकर कार से परिवहन कर रहे हैं सूचना पर कोलिहापुरी के पास पुलिस ने घेराबंदी कर राजनांदगांव निवासी रसीद मुगल व ड्राइवर को पकड़ा कार की तलाशी लेने पर कार में 5 किलो गांजा मिला ।

### अप्राकृतिक कृत्य,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 30 सितंबर।** भिलाई एक नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ह्ल सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि सुपेला क्षेत्र का रहने वाला प्रार्थी अपने नाबालिग (12 साल) के साथ थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मराठी मोहल्ला सुपेला का रहने वाला मयुरेश मेश्राम ने नाबालिग को बहला फुसलाकर प्रार्थी के बिना जानकारी के अपने घर ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी मयुरेश मेश्राम (33 साल) को घेराबंदी कर मराठी मोहल्ला सुपेला से पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया।

### ब्लास्ट फर्नेस-8 क्षेत्र में आपदा प्रबंधन के लिए संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन

**भिलाई, 30 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 के जीसीपी के एरिया में नेशनल डिज़ास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ), स्टेट डिज़ास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ), सीआईएसएफ एवं बीएसपी द्वारा संयुक्त रूप से 27 सितम्बर को आपदा प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने हेतु एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। दुर्घटना के दौरान बचाव कार्य से लेकर दुर्घटना पर काबू पाने जैसे कार्यों को मॉक ड्रिल के माध्यम से बखूबी अंजाम देते हुए, योजनाबद्ध अभ्यास को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि आपदा प्रबंधन अभ्यास एनडीआरएफ ,एसडीआरएफ, सीआईएसएफ, फायर ब्रिगेड, ईएमडी, एम एंड एचएस व अन्य एजेंसियों द्वारा यह मॉक ड्रिल अच्छी तरह से समन्वित किया गया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी स्थितियों से घबराना नहीं चाहिए और खतरों से निपटने के लिए अन्य क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा मॉक ड्रिल आयोजित करनी चाहिए। डीआईजी (सीआईएसएफ) सुश्री प्रतिभा अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न एजेंसियों द्वारा दी गई ।

# ग्रामवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोटवारों को दिए गए विशेष निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,30 सितंबर।** कबीरधाम जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल (आईपीएस) के निर्देशानुसार जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में ग्राम कोटवारों की विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों को अपराध मुक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम कोटवारों के साथ बैठक कर स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और असामाजिक तत्वों पर नज़र रखने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में कोटवारों को ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली आपराधिक गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों के आवागमन, अवैध शराब की बिक्री, जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने और तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए कहा गया। कोटवारों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे आपातकालीन परिस्थितियों जैसे आग, बाढ़ या किसी प्राकृतिक आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया दें और पुलिस या अन्य आपातकालीन सेवाओं से तुरंत संपर्क करें। गाँव में होने वाले किसी भी विवाद या झगड़े की स्थिति में शांति बनाए रखने के लिए कोटवारों से कहा गया कि वे विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने में सहायता करें और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस को सूचित करेंबैठक में ग्राम कोटवारों को यह भी सलाह दी गई कि वे प्रशासन और पुलिस की नियमित बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लें और बेझिझक स्थानीय समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा करें। इसके साथ ही ग्राम वासियों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी देने और उनका लाभ उठाने में सहयोग करने को कहा गया। , कबीरधाम जिले की पुलिस ग्राम वासियों की सुरक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है, और इस दिशा में ग्राम कोटवारों की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने की पहल कर रही है।

## सीएससी नेशनल ओलंपियाड 4.0 में आरपीएस के बच्चों का जलवा



**कवर्धा,30 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर के नामचीन विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कवर्धा में ओलंपियाड 4.0 में चयनित प्रतिभागियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री संजय जायसवाल और संकुल समन्वयक श्री मुरली झारिया द्वारा स्कॉलरशीप, स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। गत वर्ष सीएससी के तत्वाधान में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित की गई जिसमें श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के 8 बच्चों का चयन हुआ। जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर प्रवीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराया। जिनके नाम इस प्रकार हैं - दिपांशी शर्मा कक्षा 9वीं , तन्मय जायसवाल कक्षा 8वीं, मेघा सिन्हा कक्षा 8वीं, सृजन यादव कक्षा दूसरी, नुपुर शर्मा 4थीं, प्रेरणा साहू 8वीं, कनक मिश्रा 8वीं एवं आस्था आदित्य कक्षा पहली। से ऑल इंडिया जोनल लेवल पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3500/- रूपये स्कॉलरशीप की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इनमें तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्कॉलरशीप की राशि सौंपी गई। दिपांशी शर्मा एवं तन्मय जायसवाल को स्कॉलरशीप 3500/- रूपये प्राप्त हुई तथा बाकि छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। बच्चों की सफलता पर विद्यालय के निर्देशक डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी एवं प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा सहित संपूर्ण स्टॉफ ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## प्रशान्त राय को छतीसगढ़ ओलम्पिक संघ की कार्यकारिणी में मिला स्थान





**भिलाई, 30 सितंबर।** छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के चुनाव में शहर के युवा खलाड़ी प्रशान्त राय को कार्यकारिणी में जगह मिली है। वे निर्विरोध कार्यकारिणी सदस्य चुने गए हैं। गौरतलब है कि छतीसगढ़ ओलम्पिक संघ की विशेष आमसभा में शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। उपाध्यक्ष के रूप में बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, विजय बघेल, हिमांशु द्विवेदी, संजय पिल्ले, गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, रमेश कुमार श्रीवास्तव और सुनील कुमार अग्रवाल तथा महासचिव के पद पर विक्रम सिंह सिसोदिया निर्वाचित हुए। इसी तरह संयुक्त सचिव सहीराम जाखड़, आर. राजेन्द्रन, मो. अकरम खान, मनीष श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह रघुवंशी, मनोज कुमार अग्रवाल और समीर खान को निर्विरोध चुना गया। संजय मिश्रा कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके साथ ही ओलंपिक संघ के कार्यकारिणी सदस्य के रुप में 12 लोगों को भी निंविरोध चुना गया जिनमें भिलाई के प्रशान्त राय भी शामिल हैं। प्रशान्त राय छत्तीसगढ़ रेसलिंग एसोसिएशन के महासचिव भी हैं। वे वरिष्ठ नेता रहे स्व. बृजजीवन राय के सुपुत्र एवं युवा नेता समाजसेवी राहुल बृजजीवन राय के भ्राता हैं। इस अवसर पर ऑब्जर्वर दिग्विजय सिंह भी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की विशेष आमसभा की बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर अशोक कुमार अग्रवाल ने उनके निर्विरोध की घोषणा की।

### गांधी जयंती एवं वृद्धजन दिवस पर सियान सदन में कार्यक्रम

**भिलाई, 30 सितंबर।** सियान सदन समिति, न्यु आदर्श नगर दुर्ग द्वारा गांधी जयंती एवं वृद्धजन दिवस के उपलक्ष पर विभिन्न सार्थक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। विचारशील मंथन द्वारा भविष्य के प्रस्तावित कल्याणकारी योजनाओं पर सार्थक विचार विमर्श में आपका बहुमूल्य परामर्श अपेक्षित है। गांधी जयंती एवं वृद्धजन दिवस पर सियान सदन में 2 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी के वर्मा, अध्यक्ष, भारतीय पेंशनर्स संघ दुर्ग होंगे। अध्यक्षता बलदाऊ राम साहू, सियान सदन समिति न्यु आदर्श नगर दुर्ग करेंगे।अतिथियों के स्वागतोपरांत विभिन्न वक्ताओं द्वारा उद्बोधन होगा। कार्यक्रम स्थल चन्द्राकर भवन है। उक्त जानकारी वरिष्ठ संपादक रामनारायण सुनगरिया ने दी।



### वायर रॉड मिल में नई रिंग ग्राइंडिंग मशीन का उद्घाटन

**भिलाई, 30 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के वायर रॉड मिल में नई वेंडेट कॉम्बी डेल्टा रिंग ग्राइंडिंग मशीन का उद्घाटन, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार द्वारा 26 सितंबर को किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एम के गोयल ने अपने वक्तव्य में कहा कि पुरानी मशीन के स्थान पर यह नई मशीन लगाने से ग्राहकों की संतुष्टि में वृद्धि होगी, क्योंकि इससे डाइमेंशनल टॉलरेंस तथा प्रोडक्ट ब्रेंडिंग में सुधार होगा। उप-महाप्रबंधक एम वी गौरीनाथ ने नई मशीन के सम्बन्ध में जानकारी दी। महाप्रबंधक सुश्री अनुपमा कुमारी, महाप्रबंधक एम हुसैन ने स्वागत तथा महाप्रबंधक एन के खरे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अच्छे काम के लिए युवराज साहू सम्मानित

**उतई, 30 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शनिवार को



श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन चैन गंज गुण्डरदेही में सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक प्रतिभा सम्मेलन नव सृजन 2024 कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांगरी विकास खण्ड गुण्डरदेही जिला बालोद के प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू को उनकी उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों के प्रति समर्पण, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र,प्रतिक चिन्ह एवं लेखनी कलम भेंट कर सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि -जिला शिक्षा अधिकारी श्री पी.सी.मरकले, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय दुर्ग श्री विपिन सिंह चंदेल, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचान्दुर श्री अर्जुन सिंह तारम, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ श्री वेद प्रकाश यदु एवं बालोद जिला से आये अनेक शिक्षक गण आदि उपस्थित रहे।

## जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सदस्य बनी खोपली सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा

**उतई, 30 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत



खोपली के सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा को जिला कौशल विकास प्राधिकरण का सदस्य बनाया गया है।यह नियुक्ति जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर की गई है। मंजू वर्मा ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्त्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के लोकप्रिय विधायक श्री ललित चंद्राकर जी एवं समस्त भाजपा उतई मंडल का जताया आभार। ग्राम खोपली में हर्ष कि लहर हैं खुशियां मनाने वालो में प्रमुख रूप से संतोष साहू,सुभम वर्मा,देवेंद्र भारती,रामकांत चंद्राकर,जगन्नाथ यादव,किसून चंद्राकर,दुष्यंत सपहा,रमेश साहू,घनश्याम चंद्राकर,राजू लाल साहू,अरुण चंद्राकर,थनेश साहू,पवन चंद्राकर,तोपशिह कोसरीया,अखिलेश चंद्राकर,सागर वर्मा,जितेन्द्र चंद्राकर,संतोष कौशिक,नंदकुमार सेन,मोहन पटेल,दिनेश देशलहरे,पुरण देशालहरे,भागचंद देशालहरे,लक्ष्मी बंजारे,बाबूलाल सपहा,बिन्दा सपहा,मंशा भारती टुमन चंद्राकर,करन देशमुख,दीपक साहू,दीपक सेन,भूपेंद्र साहू,चंदन ढहरिया,दीपक वर्मा,गौतम निर्मलकर,प्रमोद काकड़े,चंदन डहरिया,उर्वशी देशलहरे,हर्षा देशलहरे,डिकेश वर्मा,योगेश साहू,प्रमुख रूप से रहें।

## आल इंडिया पुलिस योग चैंपियनशिप में जवानों ने उत्साह से लिया हिस्सा





**भिलाई, 30 सितंबर।** अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में आल इंडिया पुलिस योग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण, समापन समारोह में डॉ.जयदीप आर्य महासचिव भारत योगासन, अध्यक्ष हरियाणा योग आयोग का आगमन हुआ। छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव मेजर सिंह व पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी नरेंद्र पटेल व अन्य पदाधिकारियों ने फूलमाला व गुलदस्ता भेंटकर उनका आत्मीय अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के कॉम्पिटिशन मैनेजर जयंत विष्णु भारती अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत के अलग-अलग राज्यो के अतिरिक्त बी.एस.एफ,ए.एस.एफ व आई.टी.बी.पी. के जवानों ने भी इस योग प्रतियोगिता में भाग लिया है।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से पुलिस सुरक्षा बल के जवानों को मानसिक व शारिरिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाये रखने हेतु योग को नियमित जीवनशैली मे आत्मसात करना था। सम्पूर्ण कार्यक्रम डायरेक्टर यश परासर योगासन भारत के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

योग चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को मुख्यातिथि डॉ. जयदीप आर्य, आई.पी.एस.रतन लाल डांगी पुलिस महानिरीक्षक रायपुर, प्रज्ञा मेश्राम ए.सी.पी.दुर्ग, रचित कौशिक पदाधिकारी योगासन भारत, भानुप्रताप साहू सह-राज्य प्रभारी युवा भारत व अन्य अतिथियों के करकमलों से मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। युवा भारत के प्रांत कोषाध्यक्ष खिलेंद्र साहू शिक्षक ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्णायक गण शैलेंद्र विशि, भोजेन्द्र साहू,हितेश तिवारी, मधुस्मिता, संजय वस्त्रकार व कार्यकर्ता के रूप में उधो राम साहू, संदीप गुप्ता, धीरेंद्र वर्मा, अभय खनंग, गजेंद्र ठाकुर, सुमन भारती, तिजऊ साहू, नीतू गुप्ता, शोभा सोनी, मनोरमा पांडे, टीना साहू, मोनिका साहू आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह जानकारी प्रशान्त साहू ने दी।

## अस्सी रुपया टमाटर,लोगों के लिए खरीदना हुआ मुश्किल



**कवर्धा,30 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कवर्धा शहर में रविवार को टमाटर का अस्सी रुपया और सोमवार को भी यही भाव था । बसों में या चाय दुकान में कर्मचारी से लेकर आम आदमी महंगाई से चिंतित दिखा । कीर्ति जोशी , आसमां सिंह ठाकुर , बलराम , रविंद्र भी टमाटर महंगा होने से चिंतित दिखे। कइयों ने बस में कहा की महंगाई में कमी लाने पर सरकार को ध्यान देना चाहिए ।

### मोदी के मन की बात को भाजपा जिलाध्यक्ष ने पाटनवासियों के साथ सुनी



**उतई, 30 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के महत्वपूर्ण व प्रेरणादायी कार्यक्रम मन की बात का 114 वां संस्करण को पाटन के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने सुना। मन की बात कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 3 पुराना बाजार चौक पाटन में सुना गया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम भूत, भविष्य और वर्तमान का अद्वितीय समागम है। आज मन की बात का 114वां पूरा देशवासियों ने सुना। आज का दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक है क्योंकि आज मन की बात कार्यक्रम को 10 वर्ष पूर्ण हो गया। मन की बात के 10 वर्ष पूर्ण होने पर मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हुं। आगे श्री वर्मा ने कहा कि मन कि बात के माध्यम से हमने देश के विभिन्न गतिविधियों, उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करते है और महाअभियानो से जुड़कर इतिहास बनाते है।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा,मन की बात कार्यक्रम जिला प्रभारी संतोष सोनी,मण्डल महामंत्री हरिशंकर साहू,पाटन नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले,अन्य पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष दामोदर चक्रधारी,अनुसूचित जनजाति जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद आडिल,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष केवल देवांगन,भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष कुणाल शर्मा,महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष निशा सोनी,नगर अध्यक्ष होरी देवांगन,पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष रानी बंछोर,सदस्यता अभियान मण्डल संयोजक पारखत साहू,केशव बंछोर,नीलकंठ देवांगन,नितेश तिवारी,छबिश्याम देवांगन,योगेश सोनी,रानी बंछोर,सीता देवांगन,छोटेलाल देवांगन,देवेन्द्र ठाकुर,चिरंजीव देवांगन,चंद्रप्रकाश देवांगन,लक्ष्मण गोस्वामी,मिलन देवांगन,ओमप्रकाश साहू,डामन साहू,लक्ष्मण देवांगन सहित कार्यकर्ता व नागरिक गण मौजूद थे।

# तितली सम्मेलन के समापन समारोह में स्वभा ने दी तितली की प्रजातियों की विस्तार से जानकारी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 30 सितंबर।** भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत आयोजित प्रथम तितली सम्मेलन 2024 के तृतीय एवं समापन दिवस दिनांक 29.09.2024 को कवर्धा काष्ठागार में संपन्न हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती संजीता गुप्ता (भा.व.से.) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन एवं जलवायु परितर्वन विभाग रायपुर छ.ग. तथा अध्यक्षता शशि कुमार (भा.व.से.) वनमंडलाधिकारी कवर्धा ने की। उपस्थित समस्त प्रतिभागियों ने उनके द्वारा किये गये सर्वे के बारे में अनुभव साक्षा किये। समस्त प्रतिभागियों द्वारा 80 से अधिक तितलियों की उपस्थिति दर्ज की गयी है । कार्यक्रम वानिकी विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की स्टूडेंट स्वभा सोनी ने विभिन्न तितलियों की जीवन शैली, पहचान, उनके भोजन एवं रहवास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी पावर प्वाईंट प्रजेटेंशन की माध्यम से प्रदाय की गयी। गौरव निहलानी के द्वारा इस आयोजन के लिए वनमंडलाधिकारी कवर्धा को बधाई प्रेषित किया गया तथा आगामी दिनों में भी इस तरह की कार्यक्रम में आयोजित कराने की बात कही। मुख्य अतिथि श्रीमती संजीता गुप्ता ने कहा कि तितली सम्मेलन 2024 एक महत्वपूर्ण आयोजन है, मैं इस आयोजन को लेकर वनमंडलाधिकारी कवर्धा को बधाई देती हूं। इस आयोजन से अति सुंदर तितलियों के विभिन्न प्रजातियों को जानने का अवसर प्राप्त होता है। आगामी दिनों में इस तरह के सर्वेक्षण में मैं स्वयं सम्मिलित रहूंगी। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों एवं वनमंडल के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामना दी। अंकित पांडेय अधीक्षक भोरमदेव अभ्यरण , आशीष आर्य एसडीओ,लक्ष्मीनारायण सोनी रेंजर कवर्धा परिक्षेत्र,मनीष सिंह परिक्षेत्र अधिकारी तरेगांव, सुयशधर दीवान एसडीओ पंडरिया,सुनील सोनी रेंजर पंडरिया , जी आर मरकाम काष्ठागार अधिकारी कौशल साहू लक्ष्य, सी एफ ओ कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागी, समस्त उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, एवं क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, वनमंडल के कर्मचारीगण, पत्रकार गण में उमेश शर्मा संजीव मिश्रा , संजय तिवारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन कौशल साहू लक्ष्य, सी एफ ओ ने किया । ऐश्वर्या ताम्रकार , निराजना पांडेय , सुप्रिया मिंज, विजेता साहू , , अनन्या कोसले, मनीषा यादव , सबिता पटेल, राशि तिवारी और स्टूडेंट्स प्रशस्ति पत्र पाकर खुश हुए ।

## कामधेनु विश्वविद्यालय ने शिविर में मुर्गीपालन के लिए किया जागरूक



**भिलाई, 30 सितंबर।** दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय अंजोरा के तत्वाधान में जागरूकता शिविर आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर प्रति हितग्राहियों को 150 से लेकर 200 देसी मुर्गी के बच्चे, दाना (आहार)बिल्कुल निःशुल्क प्रदान करने और रखरखाव चिकित्सा, उपचार, दाना पानी की उपकरण इत्यादि के संबंध में शिविर आयोजित कर विस्तार से जानकारी दिया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ आर आर बी सिंह के मार्गदर्शन एवं निदेशक विस्तार डॉ संजय शाक्य के निर्देशन में बैकयार्ड कुक्कुट पालन हेतु जागरुकता शिविर सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन पाटन ब्लाक के असोगा गांव के सतनाम भवन में आयोजित किया गया। शिविर में अनुसूचित जाति समुदाय से इस ग्राम के लगभग 25 हितग्राहियों का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अन्वेषक डॉ राजकुमार गढ़पाइले , डॉ निशिमा सिंह, डॉ महताब परमार, डॉ ओपी दिनानी, डॉ अंकित गुप्ता, डॉ टिकेश्वर, डॉ क्षितिज द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ट समाज सेवी राजेंद्र बघेल प्रमुख रूप से बतौर अतिथि उपस्थित रहे इस अवसर पर ग्रामीण जन प्रत्युष बघेल भार्गव देशलहरे चोवा राम गायकवाड खोरबहारा मार्कण्डे चैनू जोशी ललित मारकंडे किरण महिलवार नादित मारकंडे धनंजय देशलहर ऊषा देवी पार्वती, पवन खिलाड़ी देवबती रातरे , रामकली बघेल परमिला मधुकर राकेश मारकंडे सोनू कोसरे दिलीप दिगेश्वरी टंडन, संगीता , हिमांशु कोशरिया इत्यादि अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने युवोदय कार्यक्रम का किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में राजनांदगांव युवोदय का शुभारंभ किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। राजनांदगांव युवोदय मातृत्व-बाल स्वास्थ्य एवं पोषण, जलसंरक्षण एवं सम्पूर्ण स्वच्छता, स्वस्थ एवं सशक्त किशोरावस्था,अभिभावकों की भागीदारी एवं अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम हेतु लांच किया गया है।



उल्लेखनीय है कि युवा शक्ति हौसले और जज्बे की मिसाल है। असीम संभावनाओं के लिए वर्तमान और सुनहरे भविष्य का आधार है। हमारा भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन्हीं युवाओं को समर्पित युवोदय एक मंच है। एक नाम और शुरूआत बदलाव की राजनांदगांव जिले के एक बेहतर और सुरक्षित कल के लिए। युवा साथ आ रहे हैं और एक कारवां बन रहा है। एक समृद्ध और खुशहाल राजनांदगांव के बुनियाद की। युवोदय, एक मंच और माध्यम है, ऊर्जावान युवाओं के जनभागीदारी की, जो समस्याओं के समाधान कर सुनहरे भविष्य बुनने दृढ़संकल्पित हैं। जिला प्रशासन राजनांदगांव और यूनिसेफ की संयुक्त पहल युवोदय में युवा साथ आकर कदम बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद श्री प्रदीप गांधी, श्री खूबचंद पारख, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विक्रांत सिंह, श्री भरत वर्मा, श्री रमेश पटेल, सरपंच बरगा श्री कुमार सोनवानी, संयुक्त सचिव केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय श्री अशोक मीणा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारीक, संभागायुक्त दुर्ग श्री सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, यूनिसेफ राज्य सलाहकार श्री चन्दन कुमार, श्री अभिषेक त्रिपाठी, यूनिसेफ जिला समन्वयक सुश्री दिव्या राजपूत, युवोदय श्री विनोद कुमार टेम्बुकर के साथ 70 युवोदय स्वयंसेवियों सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### चाकू से हमला कर किया घायल

**राजनांदगांव 30 सितंबर।** 29 सितंबर को लगभग 02:30 बजे जरिये मोबाइल से सूचना प्राप्त हुई कि रेल्वे फाटक तुलसीपुर के पास करीब 01:30 बजे एक व्यक्ति को 04 लोगों के द्वारा चाकु से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिये है। जिसे घायलवस्था में उपचार हेतु जिला शासकीय अस्पताल बसंतपुर राजनांदगांव ले ले गये, डॉक्टर द्वारा चेकअप करने पर मुत्यु घोषित कर दिया गया। अस्पताल पहुंचकर पता करने पर मृतक का नाम ईश्वर उर्फ बहादूर बंसोड़ पिता स्व0 गुहा राम बंसोड़ उम्र 40 वर्ष साकिन बख्तावर चाल गली नं. 01 तुलसीपुर राजनांदगांव को पुरानी दुश्मनी के चलते गंदी-गंदी गाली गलौच कर अपने पास रखे धारदार चाकु से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या किया गया है। हत्या करने वाले आरोपियों में से 02 संदेही आरोपी को कोतवाली पुलिस तत्काल पता तलाश कर हिरासत में लिया गया है, शेष 02 आरोपी की पता तलाश सरगर्मी से किया जा रहा है, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग अलग टीम रवाना किया गया है। आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव अपराध क्रमांक 628/24 धारा 296, 103 (1), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर हो रही त्वरित बिजली आपूर्ति बहाल

**रायपुर, 30 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बगिया में खोले गए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में लोगों की मांगों और समस्याओं के सामाधान का क्रम सतत रूप से जारी है। कैंप कार्यालय के निर्देश पर समस्या आने पर तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने, ग्रिप चेंज, लाईन सुधारने का कार्य किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। जशपुर हाथी प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी कड़ी में बागीचा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कामारिमा पोसकट में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के निर्देश पर तत्काल यहां पर ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। ग्रामीणों ने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### छत्तीसगढ़ में खुले शासकीय नौकरियों के द्वार

**रायपुर, 30 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों में युवाओं की भर्ती का सिलसिला वृहद पैमाने पर शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर अब तक लगभग 8 विभागों में 3737 पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग ने अपनी मंजूरी दे दी है। खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को लेकर कमोबेश सभी विभाग प्रस्ताव बनाने से लेकर शासन से स्वीकृति की तैयारी में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय की मंशानुरूप विभागों में भर्ती की प्रक्रिया अनवरत रूप से जारी रहेगी। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वित्त विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, गृह विभाग, विधि विभाग, आदिम जाति कल्याण, वन एवं पर्यावरण विभाग अपने-अपने विभागों में भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने में लगे हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय लगातार छत्तीसगढ़ में युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार में नए अवसर प्रदान करने के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर ही कैबिनेट ने पुलिस विभाग सहित अन्य शासकीय भर्तियों में युवाओं के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ भी युवाओं को मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उप अभियंता (सिविल) के 118, उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) के 10 पदों सहित 181 पदों पर भर्ती की मंजूरी वित्त विभाग ने दी है। इसी तरह गृह विभाग में सूबेदार, उप पुलिस निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्लाटून कमांडर, नगर सैनिक सहित कुल 1,069 पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग से स्वीकृति मिली है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, स्टॉफ नर्स सहित अन्य संवर्ग के 1201 पदों पर स्वीकृति के साथ ही छत्तीसगढ़ विधानसभा में सहायक मार्शल के पदों तथा आदिम जाति कल्याण विभाग में छात्रावास अधीक्षक के 300 पदों भर्ती की प्रक्रिया जारी है। वन विभाग में वन रक्षक सहित अन्य संवर्ग के कुल 66 पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न संवर्ग के 237, विधि विभाग के अंतर्गत न्यायालयों में व्यवहार न्यायाधीश सहित अन्य संवर्ग के कुल 362 पदों पर तथा कृषि विभाग के अंतर्गत 321 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की भर्ती का रास्ता खुल गया है।

# उप मुख्यमंत्री ने नशामुक्ति अभियान का किया शुभारंभ

**रायपुर 30 सितंबर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज रायपुर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ को स्वस्थ बनाने और युवाओं को नशे से मुक्त कराने रायपुर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा नशामुक्ति अभियान प्रारंभ किया गया है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, आमंत्रित अतिथियों और गणमान्य नागरिकों ने वृंदावन हॉल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण सुना। नशामुक्ति अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरित भी किए गए।



प्रदेश के युवाओं को नशे की लत से मुक्त कराने स्वयंसेवी संस्थाओं बढ़ते कदम, ग्रीन आर्मी, पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत, भारतीय सिंधु सभा और पूज्य सिंधी पंचायत महावीर नगर द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति श्री संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश दरयानी, भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष श्री लधाराम नैनवानी, बढ़ते कदम के अध्यक्ष श्री सुनील छतवानी, ग्रीन आर्मी के अध्यक्ष श्री अमिताभ दुबे और पूज्य सिंधी पंचायत महावीर नगर के अध्यक्ष श्री अजय जैसिंघानी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। रायपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में हृदय रोग विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव एवं एम्स रायपुर में मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विभिन्न प्रकार के नशे के खतरों तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर इनके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि नशे की लत समाज के सामने बड़ा संकट है। नशा के कारण परिवार टूट रहे हैं, संबंध खराब हो रहे हैं और बच्चों की दुर्दशा हो रही है। नशा से ही अनेक तरह की बुराईयां जन्म लेती हैं। नशे की आदत से छुटकारा दिलाने में समाज की सक्रिय भूमिका होना चाहिए। नशामुक्ति के साथ ही भावी पीढ़ी को इससे बचाना बहुत जरूरी है। बच्चों के सामने और सार्वजनिक रूप से नशापान को रोका जाना चाहिए। संत डॉ. युधिष्ठिर लाल जी महाराज ने कार्यक्रम में कहा कि नशा शरीर को घुन की तरह खाता है। स्वस्थ और सुंदर समाज के लिए इससे मुक्ति आवश्यक है। नशामुक्त भारत ही स्वर्णिम और सुखद भारत होगा। उन्होंने लोगों से नशे के समान का व्यापार न करने की अपील की। साथ ही उन्होंने नशे के विरूद्ध कड़ाई बरतने सरकार से आग्रह किया।विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि नशामुक्ति एक कठिन और बड़ा काम है।

# जल जीवन मिशन वनांचल में रहने वाले बैगा आदिवासियों के लिए साबित हो रहा वरदान

**रायपुर, 30 सितंबर।** भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया जल जीवन मिशन कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले बैगा आदिवासियों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के माध्यम से कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में बसे ग्राम भंवरटोक में बैगा आदिवासीयों को स्वच्छ पेयजल मिलने लगा है। ग्राम भंवरटोक पहले पानी की कमी और अस्वच्छ जल की समस्या से जूझ रहा था, अब जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल जल की सुविधा मिल रही है। इससे न केवल ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, बल्कि महिलाओं और बच्चों को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करने से भी मुक्ति मिली है। अब स्वच्छ पेयजल हर घर की दहलीज पर उपलब्ध है, जो जलजनित बीमारियों की रोकथाम में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। ग्राम भंवरटोक में नल कनेक्शन के माध्यम से घर घर पेयजल पहुंचाया जा रहा है, जिससे बैगा जनजाति के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा हो रहा है। यह पहल न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि उनके दैनिक जीवन को भी आसान बना रही है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण, पहले ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए नदी एवं झिरिया पर निर्भर रहना पड़ता था। गर्मी के मौसम में नदी और झिरिया सूख जाने से पानी की विकट समस्या थी। अब जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल लग जाने से



पानी की समस्या समाप्त हो गई है। केंद्र सरकार की यह पहल इस बात का स्पष्ट संकेत है कि योजनाएं अब जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं, जिससे सबसे गरीब और सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को भी समृद्ध और सुरक्षित जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। ग्राम भंवरटोक के ग्रामीणों ने अपने घरों में पेयजल की सुविधा पहुँचाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत नल जल कनेक्शन मिलने से उनकी जिंदगी में एक बड़ा बदलाव आया है। ग्राम की निवासी रामफूल बैगा ने अपनी अनुभव साझा करते हुए कहा, पहले हमें पानी के लिए कुएँ, नदी और झिरिया पर निर्भर रहना पड़ता था।

### बेलरगोंदी में स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन

**छुरिया 30 सितंबर।** संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं ज़िला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा पांण्डेय राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में एकदिवसीय निश्शुल्क मासिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर आयुष ग्राम शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में दिनांक 28/09/2024 को आयोजन किया गया । शिविर का शुभारंभ ग्राम के जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा सोनबोईर , सरपंच श्रीमती रमशिला सोनबोईर , श्रीमती पूर्णिमा पाल,श्रीमती तुलसा बाई (स्व सहायता समूह), श्रीमती उमाबाई मितानीन श्रीमती पुनिया बाई, मनीराम साहू,विरेन्द्र सोनी, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, श्री देवदास साहू (फार्मासिस्ट आयुर्वेद), श्री शंकर लाल कंवर ( पी .टी. एस.), श्री छगन राम वर्मा ( योग प्रशिक्षक), एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया। इस शिविर में 136 मरीज का परीक्षण कर निश्शुल्क औषधि प्रदान किया गया लाभान्वित हुए । एवं आयुष काढ़ा प्रदान किया गया साथ ही शिविर में ,बी पी, शुगर जाँच किया गया। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध कुमार पटेल (नोडल अधिकारी दुर्ग संभाग) ,श्री देवदास साहू , श्री शंकर लाल कंवर, योग प्रशिक्षक श्री छगन राम वर्मा ,इत्यादि ने अपने इत्यादि ने अपनी सेवाए दी ।



# मंडल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह में जुटे विभाग प्रमुख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 30 सितंबर।** प्रमुख स्टेशन मास्टर ए के मंडल के विदाई समारोह में रेलवे के अलग अलग विभागों के द्वारा श्री मंडल का विदाई समारोह आयोजित किया गया था। श्री मंडल की सेवानिवृत्त की वैसे तो 30 सितम्बर 2024 को होना है परंतु एक दिन पूर्व ही विदाई समारोह का आयोजन सर्वप्रथम ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के द्वारा आयोजित किया गया इस आयोजन में पर रेलवे के चीफ डीटीआई राजेश गिरी, डीटीआई हरिहर राणा, चीफ आईओ डब्लू मनीष कुमार, ऑल इंडिया स्टेशन एसोसिएशन से मास्टर श्री नितिन, गुरुचरण शेट्टी, राजेश कुमार, जे राजेश्वर राव, संजय कुमार, राम कुमार, नवीन कुमार द्वारा दी गई। जिसके बाद एआईजी ऑल इंडिया गार्ड एसोसिएशन से गार्ड



मनोरंजन कुमार,केपी सिंह, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, रिकी चक्रवर्ती, आर के साहू, जयन्त इंदुरकर, विक्की कुमार, संजय चुटे, अशोक शेंडे, कमलेश यादव, हिमांशु, पवन कुमार, शिवम चौहान, मनीष कुमार, रामकेश मीना, श्याम साहू, देवेंद्र अंबादे, सुभाष कुमार, अभिनव, युगल किशोर, सान्तनु, अनिल कुमार, आर के चौहान, ओमवीर सिंह, सोमेश रेड्डी सहित बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी व कर्मचारियों ने बाजे गाजे के साथ श्री मंडल का विदाई समारोह मुख्य स्टेशन मास्टर के आफिस में आयोजित किया गया था। इसके पूर्व भी श्री मंडल को लोको पायलट स्टेशन व पोर्टर, एसएनटी विभाग सहित रेलवे के विभाग प्रमुख के द्वारा श्री मंडल का विदाई समारोह आयोजित कर खुशी खुशी विदाई देकर उनके जीवन के अगले पड़ाव को प्रारंभ करने को लेकर आशीष शुभकामनाएं दी।

# बस्तर एवं दुर्ग की टीम ने राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफायनल में किया प्रवेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 30 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय फुटबाल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय रेलवे फुटबाल मैदान डोंगरगढ़ में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस कार्यक्रम में के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष नपा अमित छाबड़ा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संचालक शा.शि.वि. हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग डॉ. दिनेश नामदेव, विल्सन संतुर क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अरूण चौधरी, अनिता पोषार्य, सहित विभिन महाविद्यालयों से आये क्रीड़ा अधिकारी व पर्यवेक्षकगण उपस्थित थे। इसी प्रकार द्वितीय सत्र के मैच के मुख्य अतिथि के रूप प्रेस क्लब आफ डोंगरगढ़ के संरक्षक गोपाल खेमुका, प्रेस क्लब डोंगरगढ़ के अध्यक्ष उत्तम समुंद्रे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकारगण पत्रकारगण दीपक साखरे, राजा शर्मा, महेन्द्र शर्मा, शशांक



उपाध्याय, रवि यादव, व्यायाम अनुदेशक राजकुमार नंदेश्वर, देवेन्द्र अंबादे, राकेश रामटेके, मंगलदास, सूजर रामटेके, त्रिलोक जाम्बुलकर, वरिष्ठ फुटबाल खिलाड़ी इन्द्रजीत सिंह लाड्डी, विनोद हथेल, नीलक्रांति, के.नारायणराव, रेमंड फ्रानसो उपस्थित रहे। दोनो ही सत्रो में अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के अधिकारियो-कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेटकर किया गया। तत्पश्चात टीम के खिलाड़ियों से परिचय कर खेल का शुभारंभ किया गया।

बिलासपुर, बस्तर एवं दुर्ग की टीम ने बाजी मारकर सेमीफायनल में किया प्रवेश - प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस 29 सितम्बर को सरगुजा, बिलासपुर, बस्तर एवं दुर्ग की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर सेमीफायनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का प्रथम क्वाटर फायनल मैच रायपुर एवं सरगुजा सेक्टर की टीम के मध्य खेला गया जिसमें सरगुजा ने 5-6 से विजय प्राप्त की। द्वितीय क्वाटर फायनल मैच बिलासपुर एवं जांजगीर सेक्टर के मध्य खेला गया जिसमें बिलासपुर की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए लगातार 4 गोल किये एवं 4-0 से मैच अपने नाम कर सेमीफायनल में प्रवेश किया। तीसरा क्वाटर फायनल मैच बस्तर व राजनांदगांव सेक्टर के मध्य खेला गया जिसमें बस्तर की टीम ने राजनांदगांव की टीम को 2-0 से पराजित कर सेमीफायनल में अपनी जगह बनाई। अंतिम क्वाटर फायनल मैच दुर्ग एवं रायगढ़ सेक्टर के मध्य खेला गया जिसमें दुर्ग सेक्टर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लगातार 7 गोल कर सेमीफायनल में जगह बनाई। आज सेमीफायनल के बाद होंगे फायनल मैच - प्रतियोगिता के तीसरे दिन 30 सितम्बर को प्रातः 8 बजें से प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफायनल मैच बस्तर एवं सरगुजा सेक्टर के मध्य खेला जायेगा। दूसरा सेमीफायनल मैच बिलासपुर एवं दुर्ग सेक्टर के मध्य खेला जायेगा। प्रतियोगिता का फायनल मैच प्रथम एवं द्वितीय सेमीफायनल मैच की विजेता टीम के मध्य दोपहर 3 बजें खेला जायेगा। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर ने बताया कि समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा रामजी भारती, अध्यक्षता राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष एवं अध्यक्ष जिला भाजपा रमेश पटेल सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी, समाजसेवी प्रकाश चौरड़िया, जन.भा.स. अध्यक्ष सुनील जैन चीकु, महेन्द्र भाई पटेल, कुलवंत कक्कड, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा जैन कुमार मेश्राम, पार्षद प्राची सौमित्र सोनी, सरपंच हेमलाल वर्मा, स.से. उपकार साहू उपस्थित रहेंगे।

### विश्व हृदय दिवस पर मेडिसिन विभाग में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर 30 सितम्बर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मेडिसिन विभाग में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. डी.पी. लकड़ा, डॉ. एस. चंद्रवंशी, डॉ. अर्चना टोप्पो, डॉ. मनीष पाटिल, डॉ. वेणुगोपाल, डॉ. हेमेश्वरी वर्मा, डॉ. प्रीति गुप्ता एवं पीजी डॉक्टरों ने आमजनों को हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में जानकारी दी। चिकित्सकों ने हार्ट अटैक से बचने के तरीके और हार्ट अटैक को पहचानने के बारे में जानकारी दी तथा लोगों के सवालों का जवाब दिया। हृदय रोग से संबंधित सभी शंकाओं को दूर करने के लिए कार्यक्रम में लोगों के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी पीजी डॉक्टर उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### नेहरू महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र परिषद का गठन,निकिता कंड्रा बनी अध्यक्ष



**डोंगरगढ़ 30 सितंबर ।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही रेवती के दिशा निर्देशन में प्राणिशास्त्र विभाग द्वारा सत्र 2024-25 हेतु प्राणिशास्त्र परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विज्ञान संकाय प्रभारी श्रीमति सोनाली लोया खानखोजे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहा.प्राध्या. ओ.पी. वर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूवात माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। प्राणीशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ.गोकुल प्रसाद साहू ने अतिथियों के स्वागत किया तथा परिषद के महत्व को बताया । प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष ओ.पी. वर्मा ने परिषद के पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमे प्राणिशास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्रा पदाधिकारी के रूप में मनोनीत किए गए । अध्यक्ष के रूप में निकिता कंड्रा, उपाध्यक्ष मोनिका देवांगन, सचिव राहुल यादव, सह सचिव पायल देवांगन, कोषाध्यक्ष झरना लाउत्रे, कार्यकारिणी सदस्य देवव्रत, महेंद, भूपेंद्र और योगेश देवांगन मनोनीत किए गए। मुख्य अतिथि श्रीमती लोया द्वारा समस्त पदाधिकारी को पद एवं उचित दायित्व निर्वाहन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभात बैस एवं आभार प्रदर्षन डॉ. गोकुल प्रसाद साहू ने किया।

### रिश्तों की डोर न हो कमजोर:मुनि सुधाकर



**रायपुर 30 सितंबर।** रायपुर स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में तेरापंथ महिला मंडल, रायपुर द्वारा दंपति को ध्यानार्थ करते हुए विशेष कार्यशाला रिश्तों की डोर न हो कमजोर का आयोजन आज दिनांक 29/09/2024 को किया गया। मुनि सुधाकर जी ने रिश्तों की महिमा का महत्व अर्थात मर्म समझाते हुए रोचक तथ्यों टके माध्यम से उपस्थित जनमेदनी को संबोधित किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री मा. श्री एल. मुरुगन जी व विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरुण साव जी उपस्थित हुए। कार्यशाला में सामान्य पारिवारिक रिश्तों पर आधारित भव्य नाटिका का मंचन भी प्रेरणा प्रदान करने किया गया।

### रामकृष्ण केयर अस्पताल में वर्ल्ड हॉर्ट-डे मनाया गया



**रायपुर 30 सितंबर।** वर्ल्ड हॉर्ट डे अवसर पर रामकृष्ण केयर अस्पताल में सितम्बर महीने में शहर के विभिन्न जगह पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं हेल्थ टॉक का भी आयोजन किया गया जिससे लोगों को निःशुल्क हृदय रोग के जुड़ी बीमारियों से बचने के लिये जानकारी दी गई और मरीजों का टेस्ट एवं इलाज किया गया जिसमें ईसीजी, टीएमटी, ईको जैसे सुविधाएं प्रदान की। साथ ही अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल में भी कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें कई समाज के लोगों ने इस कैम्प में हिस्सा लिया और डायटिशियन द्वारा खान-पान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। अस्पताल में वर्ल्ड हॉर्ट डे के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ऐसे मरीज शामिल हुए जिनका एन्जियोप्लास्टी, बॉयपास सर्जरी किया जा चुका है तथा सभी मरीजों के मनोरंजन हेतु कार्यक्रम भी रखे गए जिसमें लोगों से रोचक सवाल पूछे और सभी मरीजों को गिफ्ट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में रामकृष्ण केयर के डॉ. संदीप दवे, डॉ. जावेद अली खान, डॉ. शैलेष शर्मा, डॉ. विनोद आहूजा, डॉ. प्रणय अनिल जैन, डॉ. जावेद परवेज, डॉ. कल्पेश अग्रवाल एवं डॉ. संतोष सिंह ने सभी मरीजों व उनके परिजनों को बीमारी होने पर क्या-क्या सावधानी रखे, कैसा खानपान करें इत्यादि अनेक महत्वपूर्ण सलाह दी गई। सभी मरीजों ने अपनी बीमारी से पहले एवं एन्जियोप्लास्टी और बॉयपास सर्जरी के बाद के अनुभवों को साझा किया कैसे बीमारी में तकलीफें उन्होने झेली कैसी मुसीबतों का सामना किया और अब वे कैसा जीवन यापन कर रहे हैं एवं रामकृष्ण केयर अस्पताल का धन्यवाद किया जिन्होंने उन्हे दूसरा जीवन प्रदान किया।

### तारपीन ऑयल का अवैध रूप से व्यापार और भंडारण पर पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**राजनांदगांव 30 सितम्बर।** जिले में अवैध रूप से बॉयोडीजल एवम साल्वेंट के अवैध बिक्री व्यापार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर खाद्य एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा ग्राम पंचायत गठुला स्थित श्री मुन्ना साहू द्वारा संचालित विनायक पेंट ऑयल के संस्थान की जांच की गई। जांच में संचालक द्वारा तारपीन ऑयल का अवैध रूप से व्यापार और भंडारण किये जाने के कारण 2400 लीटर तारपीन ऑयल जब्त किया गया है।

## संपादकीय

# किसी देश को तो ऐसा कभी करना ही पड़ता

जब किसी देश के संरक्षण व शह पर सशस्त्र आतंकवादी संगठन बनाए जाते हैं तो वह किसी क्षेत्र के लिए नहीं पूरे विश्व की शांति के लिए खतरा होते हैं। ऐसे सशस्त्र आंतकवादी संगठन खुद दुनिया के कई देशों में मनमाने हत्या करते हैं तो इनके नेताओं की हत्या पर किसी को शोक नहीं होता है। ऐसे नेताओं की मौत पर दुनिया राहत की सांस लेती हैं कि दुनियां एक और हत्यारा गया। जब कोई देश नजरल्लाह जैसे आतंकवादी नेता व हिजबुल्लाह जैसे आतंकवादी संगठन बनाता है और सोचता है कि वह दुनिया के शांति से रहने वाले देशों को डरा देगा तो उसे जवाब देने के लिए इजराइल जैसे देश को सामने आना पड़ता है। दुनिया को बताना पड़ता है कि हमास,हिजबुल्लाह व हुती जैसे आतंकवादी संगठनों को समाप्त करना है तो उनके साथ उससे ज्यादा क्रूरता से पेश आना पड़ता है। उन्हें बताना पड़ता है कि तुम लोग दूसरे लोगों की हत्या जितनी आसानी से करते हो, तुम लोगों की हत्या भी उतनी ही आसानी से की जा सकती है। इजरायल ने हमास के नेताओं को ठिकाने लगाने के बाद हिबुल्लाह के कमांडरों को भी ठिकाने लगा चुका हैं। अब उसके निशाने पर हुती आतंकवादी संगठन हैं। हमास,हिजबुल्लाह व हुती तीनों ईरान के पैसे व शह पर चलने व पलने वाले संगठन हैं। वह इनका इस्तेमाल किसी देश में अशांति फैलाकर सत्ता हथियाने, उस क्षेत्र में अपना दबदबा बढ़ाने के लिए करता रहा है। इस्लामी देशों के बीच खुद को नेता के रूप में स्थापित करने के लिए करता रहा है। हमेशा की तरह इस बार भी इजरायल को हमास के जरिए उकसाया गया और पूरे क्षेत्र में हिंसा व अशांति के दौर की शुरुआत की गई। सब जानते हैं कि इजरायल को कोई छेड़ता है तो वह छोड़ता नही हैं। इजरायल जानता है कि हमास,हिजबुल्लाह व हुती के पीछे कोई और नहीं ईरान है। ईरान को कमजोर करना है क्षेत्र में शांति बनाए रखना है तो ईरान की ताकत हमास,हिजबुल्लाह व हुती को कमजोर करना होगा। उसके कमांडरों की हत्या करनी होगी। यह कोई आसान काम नहीं है क्योंकि जितने बड़े आतंकवादी संगठन होते हैं, उनके नेता उतने ही डरपोक होते हैं,चूहे की तरह बिल में छिपे रहते हैं। लेकिन इजराइल के लिए बिल में छिपे हुए चूहों को मारना थोड़ा मुश्किल काम हैं लेकिन असंभव नहीं है। उसने हमास के हिजबुल्लाह के चीफ सहित कई कमांडरों को मारकर बता दिया है कि आप दुनिया में कहीं भी छिपे है लेकिन आप इजराइल के निशाने पर हैं और इजराइल जिस दिन चाहेगा आपको मार देगा और आपको पता नहीं चलेगा कि मौत कब आप के पास आ गई। नसरल्लाह भी आतंकवादी समूह का डरपोक चीफ था। उसके ठिकाने का पता लगा कर इजराइल ने उसे समाप्त कर आतंकवादी समूहों और इन समूहों को संरक्षण देने वाले नेताओं को संदेश दे दिया है कि इजराइल जिसे चाहेगा जब चाहेगा समाप्त कर देगा। नसरल्लाह के मारे जाने के बाद ईराने से सबसे बड़े नेता खामनाई भी डर के मारे किसी सुरक्षित जगह पर जाकर छुप गया। इजराइल ने दुनिया को बताया है कि आतंकवादियों के खिलाफ लड़ना है तो उसी तरह लड़ना पड़ता है जैसे आतंकवादी समूह लड़ते हैं, वह किसी के मानवाधिकार की चिंता नहीं करतेहैं, वह इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि उनके हमले में बेगुनाह लोग मारे जाते हैं, इसी तरह जब आतंवादियों को मारना हो तो बेगुनाह लोगों के मरने की चिंता छोड़नी पड़ती है क्योंकि ये डरपोक आतंकवादी समूह छिपे ही ऐसी जगहों पर रहते हैं जहां आम लोग रहते हैं। इजराइल की इस बात के लिए निंदा की जाती है कि उसके हमले में बेगुनाह लोग मारे जाते हैं लेकिन समझने वाली बात यह है कि इजराइल का टारगेट बेगुनाह लोग कभी नहीं होते हैं, उसका टारगेट तो आतंकवादी नेता व समूह के लोग होते हैं। बेगुनाह लोग तो इसलिए मारे जाते हैं कि आतंकवादी समूह ऐसा चाहता है। इजराइल जो कुछ कर रहा है किक्षेत्र की शांति के लिए कर रहा है और यह काम किसी न किसी को कभी न कभी तो करना ही था, इजराइल कर रहा है तो उसकी सराहना की जाना चाहिए।

चुनाव

तनवीर जाफरी

# सत्ता विरोधी लहर के साथ भीतरी कलह से भी जूझती भाजपा



5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिये विभिन्न राजनैतिक दलों का प्रचार अभियान अपने चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह के अतिरिक्त भाजपा के और भी कई स्टार प्रचारक जहाँ अपनी पूरी ताकत झोंके हुये हैं वहीँ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व पार्टी के अन्य कई केंद्रीय नेता भी कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभायें व रैलियां कर रहे हैं। दस वर्षों बाद सत्ता में वापसी की पूरी आस लगाये बैठी कांग्रेस को पिछले दिनों पार्टी की भीतरी कलह के बीच उस समय एक संजीवनी मिली जबकि राहुल गाँधी हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं भूपेंद्र सिंह हुड्डा,कुमारी शैलजा और वीरेंद्र सिंह को एक साथ एक मंच पर लाने व पार्टी में एकजुटता का सन्देश देने में सफल रहे। ऐसे में कांग्रेस को जहाँ भाजपा के दस वर्षों के शासनकाल में उपजी सत्ता विरोधी लहर का फायदा मिलने की संभावना है वहीँ उम्मीद है कि पार्टी में गुटबाजी के बावजूद नेताओं की एकजुटता का सन्देश भी कार्यकताओं को उत्साहित करेगा।



दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की ओर से पिछले दिनों चुनाव प्रचार के दौरान ही कई ऐसे संकेत मिले जो पार्टी नेताओं के मतभेदों को स्पष्ट रूप से उजागर करने वाले हैं। उदाहरण के तौर पर गत 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र की एक जनसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर तारीफ की। मोदी ने कहा कि 'हमारे मुख्यमंत्री 24 घंटे हरियाणा के विकास के लिए समर्पित हैं। हरियाणा का जो भी व्यक्ति मिलेगा वह कहता है कि हमारे मुख्यमंत्री विनम्रता के संबंध में हमारे हरियाणा का गौरव बढ़ाते हैं। उनका व्यक्तित्व सहज है व उनमें बहुत सहजता है। भाजपा के कार्यकर्ता के नाते मुझे हरियाणा में बहुत वर्षों तक काम करने का अवसर मिला है। जब मुख्यमंत्री की तारीफ करता हूं तो मन गर्व से भर जाता है। इनका विजन और इनकी लग्न बड़े बड़ों से भी बेहतर है।' इसी रैली के अगले ही दिन अम्बाला छावनी से छः बार विधायक रहे राज्य के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये कहा है कि, "आज तक मैंने अपनी पार्टी से कुछ नहीं मांगा। मैं छह बार का विधायक हूं। और अपनी वरिष्ठता की वजह से मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पेश करता हूं। उन्होंने कहा कि फैसला आलाकमान को करना है। उन्होंने कहा कि यदि मुझे इस बार मुख्यमंत्री बना दिया तो मैं हरियाणा की तकदीर बदल दूंगा, तस्वीर बदल दूंगा। "विज का यह भी दावा है कि उन्होंने अपने छः बार के विधायकी के कार्यकाल में अंबाला छावनी के विकास के लिये जितने काम किये हैं उतने देश के किसी भी विधान सभा क्षेत्र में नहीं किये गये। दरअसल पार्टी का सबसे वरिष्ठ विधायक होने के नाते 2014 में ही राज्य के लोग अनिल विज को मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार के रूप में देख रहे थे। परन्तु उन्हें नजरअंदाज कर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आर एस एस के मित्र व सहयोगी मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बना दिया। जबकि उस समय तक प्रदेश में खट्टर को कोई जानता भी नहीं था। इसके बाद 2019 में भी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद हेतु पुनः खट्टर को ही चुना। वर्तमान चुनाव में खट्टर को मोदी-शाह का करीबी होने के नाते केंद्रीय मंत्री तो जरूर बना दिया गया है परन्तु हरियाणा में जिसतरह खट्टर का विरोध हो रहा है उसकी वजह से प्रधानमंत्री की चुनाव सभा सहित कई प्रमुख जनसभाओं से उन्हें दूर भी रखा जा रहा है। क्योंकि किसान आंदोलन के समय खटटर ने मुख्यमंत्री रहते किसानों के विरुद्ध कई ऐसे हिंसा भड़काने वाले बयान दिये थे जोकि किसी मुख्यमंत्री पर शोभा नहीं देते।

बहरहाल,बाद में 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले मुख्यमंत्री पद से खट्टर का इस्तीफा लेकर उनके लोकसभा चुनाव लड़ने का रास्ता प्रशस्त किया गया। और इसबार भी अनिल विज को मुख्यमंत्री बनाने के बजाये खट्टर के ही करीबी नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा दी गयी। उस समय भी अनिल विज की नाराजगी सामने आई थी। और मुख्यमंत्री सैनी स्वयं उनकी नाराजगी दूर करने अनिल विज के निवास अंबाला छावनी आये थे। परन्तु वर्तमान चुनाव प्रचार के बीच एक ओर अनिल विज का मुख्यमंत्री पद के लिये दावेदारी ठोकना और साथ ही उसके जवाब में मोदी व अमित शाह जैसे भाजपा के वरिष्ठतम नेताओं द्वारा तीसरी बार सरकार बनने की स्थिति में नायब सिंह सैनी को ही बार बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद का दावेदार बताना इस बात का सुबूत है कि पार्टी के भीतर सब ठीक ठाक नहीं है।

पार्टी के इन्हीं मतभेदों को उस समय और बल मिला जबकि अम्बाला जिले के अंतर्गत मुलाना विधानसभा क्षेत्र के बराड़ा कस्बे में गत 27 सितम्बर को गृह मंत्री अमित शाह की एक रैली हुई। इस रैली में मुलाना की भाजपा प्रत्याशी संतोष सारवान,अंबाला शहर के असीम गोयल तथा नारायणगढ़ के पवन सैनी तो मंच पर मौजूद रहे। उपस्थित लोगों से इन तीनों प्रत्याशियों का परिचय कराकर अमित शाह ने इनके लिये वोट भी मांगे। परन्तु अंबाला छावनी के प्रत्याशी अनिल विज यहाँ भी नदारद रहे। अम्बाला छावनी के करीब ही अमित शाह की सभा में अनिल विज की गैर हाजिरी कोई मामूली बात नहीं। माना जा रहा है कि अनिल विज,मोदी शाह की नजरों में तभी खटकने लगे थे जब दो वर्ष पूर्व फरीदाबाद के सूरजकुंड में विभिन्न राज्यों के गृह मंत्रियों के 2 दिवसीय चिंतन शिविर में जब हरियाणा के गृह मंत्री के रुप में अपनी उपलब्धियों का बयान कर रहे थे। अभी विज ने अपनी बात पूरी भी नहीं की थी तभी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जोकि इस बैठक की अध्यक्षता भी कर रहे थे,ने विज को अपनी बात समाप्त करने के लिये कई बार बीच में ही टोका। परन्तु विज उनके बार बार टोकने के बावजूद अपनी बात पूरी करके ही रुके। हालांकि बाद में इस सम्बन्ध में जब अनिल विज से पूछा गया तो उनका कहना था कि -' किसी भी कार्यक्रम अध्यक्ष के लिए वक्ताओं को टोकना सही है , 'वह मेरे नेता हैं और उन्हीं से सीखकर बड़ा हुआ हूँ।' वैसे भी जो लोग अनिल विज को करीब से जानते हैं उन्हें मालूम है कि अनिल विज हरियाणा में मंगल सेन के बाद राज्य में भाजपा को मजबूत करने वाले सबसे बड़े नेता हैं। इसके अतिरिक्त अनिल विज अपना समय हाई कमान या दूसरे वरिष्ठ पार्टी नेताओं को खुश करने में व्यर्थ गंवाने के बजाये आम जनता से मिलने व उनकी समस्याओं को सुनने व सुलझाने में व्यतीत करना ज्यादा पसंद करते हैं। यही वजह है कि भाजपा छोड़ने के बाद स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में लड़ने पर भी उन्होंने चुनाव में इसी अंबाला छावनी से जीत हासिल की है। जबकि मोदी-शाह की ओर से सत्ता मिलने पर तीसरी कार्यकाल में पुनः जिन नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने की बात की जा रही है उन्हें इस बार अपनी नारायणगढ़ विधानसभा सीट असुरक्षित महसूस हुई तभी उन्हें लाडवा चुनाव क्षेत्र का रुख करना पड़ा। इसलिये कहना गलत नहीं होगा कि भाजपा राज्य में सत्ता विरोधी लहर के साथ साथ भीतरी कलह से भी जूझ रही है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। नौकरी में आपके प्रयास बेहतर रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ कुछ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपको किसी काम को लेकर बाहर जाना पड़ सकता है और परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आप कुछ टेंशन में रहेंगे, जिस कारण आपके व्यवहार में भी बदलाव आएगा, जिससे आपके जीवनसाथी से आपके बेवजह के वाद विवाद हो सकता है, उसमें आपको थोड़ा शांत रहने की आवश्यकता है।

वृष- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है, जो लोग आयात निर्यात का व्यवसाय करते हैं, उन्हें अपने व्यवसाय से बेहतर रिजल्ट मिलने वाले हैं। आपको किसी नए काम को करके खुशी होगी, लेकिन आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने की भी पूरी कोशिश करें। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। जीवनसाथी की आपसे खटपट होने की संभावना है। यदि ऐसा हो, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करें। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

मिथुन- आज आपको अपने खर्चों को लेकर सावधान रहना होगा। आपके बढ़ते खर्च आपको परेशान करेंगे। आपकी इनकम तो अच्छी रहेगी, लेकिन खर्च बढ़ने से आप उस इनकम का इतना मजा नहीं ले सकेंगे। आपको कुछ टेंशन रहने वाली है। आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे। आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपको आज मनपसंद भोजन करने को मिलेगा, जिससे आपका मन खुश रहेगा। आपको बिजनेस में भी कोई बड़ा जोखिम लेने से बचना होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए पैतृक संपत्ति मिलने से खुशी होगी। नौकरी को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं और आपके बॉस आपके कामों से खुश रहेंगे। आपको किसी नई नौकरी के मिलने की भी संभावना है। परिवार में कोई सदस्य नौकरी के लिए घर से दूर जा सकता है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपका कोई सरकारी काम में भी अटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। आपको अपने मित्र के लिए कुछ रुपयों का इंतजाम करना पड़ सकता है। सरकारी योजनाओं में अपने निवेश करेंगे, तो वह भविष्य में आपके लिए कोई बेहतर लाभ लेकर आएगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। कलात्मक क्षेत्र से आप जुड़े रहेंगे। आप जोश से भरपूर रहने के कारण कामों को आसानी से पूरा कर पाएंगे। आपके पिताजी की कोई बात आपको बुरी लग सकती है। आर्थिक मामलों में आपको सावधान रहना होगा। आप किसी काम को लेकर यदि पूरा जोश दिखाकर करेंगे, तो उसमें आपसे कोई गड़बड़ी होने की संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। धन को लेकर यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

कन्या- आज का दिन आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप अपने भविष्य को लेकर प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी संतान के व्यवहार में आपको कुछ बदलाव नजर आएगा, जिसे आप नजरअंदाज ना करें, नहीं तो बाद में आपके लिए समस्या बन सकता है। आपके सहयोगी कामों में पूरा साथ देंगे। आपको किसी नये काम को शुरूआत करने अच्छा रहेगा। आपका मन कैसे बात को लेकर परेशान रहेगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई पुरस्कार मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी घूमने फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। माताजी आपको कोई काम को लेकर जरूरी सलाह दे सकती हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ तालमेल बनाए रखें, नहीं तो कोई गड़बड़ी हो सकती है। विद्यार्थियों ने यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लिया था, तो उसमें उन्हें जीत मिलने की संभावना है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपके परिवार में सदस्यों की ओर से कोई खुशखबरी प्राप्त हो सकती है। नौकरी में यदि आपको समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से पार्टी हो सकती है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। भाई व बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आप अपनी सोच से कार्यक्षेत्र में अच्छा लाभ उठाएंगे। आपको अपने पेट का खास ख्याल रखना होगा, क्योंकि कोई समस्या बढ़ सकती है।

धनु- आज का दिन आपकी आय को बढ़ाने वाला रहेगा। धन बढ़ाने पर आपका पूरा ध्यान रहेगा। आपकी धार्मिक कार्यों के प्रति काफी रुचि रहेगी। सरकारी क्षेत्रों में आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है, जो लोग नौकरी को लेकर परेशान चल रहे हैं, वह बदलाव कर सकते हैं। आपका कोई कानूनी मामला यदि आपको लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो वह भी आपको खुशी देगा। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है। आपके विरोधी आपके कामो में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी बाहरी व्यक्ति के मामले में सोच समझकर बोलना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपको बिजनेस में कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देना है। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। नौकरी में लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। विद्यार्थियों कहीं बाहर से पढ़ाई कर सकते हैं। आपको अपने किसी मित्र से कोई पारिवारिक समस्या को लेकर बातचीत नहीं करनी है। आर्थिक मामलों में आपको सोच समझकर बोलने की आवश्यकता है। आपका सुख सुविधाओं की वस्तुओं का अच्छा खासा धन खर्चा होगा।

मीन- मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन किसी नए काम को करने से बचने के लिए रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए आज का दिन आनंदमय रहने वाला है। आप अपने साथी के साथ घूमने फिरने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। कार्यक्षेत्र में आपके साथी काम करने में आपका पूरा साथ देंगे, जिससे आपको कोई बड़ी उपलब्धि भी हासिल हो सकती है। आपको अपने खान-पान का पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

## वो 59 टुकड़े

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



यह बात है आजादी के बाद के भारत की। एक गांव था– नाम मत पूछिए, क्योंकि गांवों के नाम बदलते रहते हैं, लेकिन जो नहीं बदलता, वह है समाज की मानसिकता। खैर, गांव में एक आदमी था, जिसका नाम था *मुकुंदराम पटेल*– थोड़ा स्टाइल में कहें तो, ह्लमुकुंदराम प्रताप पटेलह्व मुकुंदराम के बारे में कहा जाता था कि वह बड़ा धर्मात्मा आदमी है। हर सुबह मंदिर में घण्टी बजाता और शाम को राजनीति के गलियारे में। मगर जैसे घण्टियां बजती हैं, वैसे ही उसकी ज़िंदगी की बिसात भी बजने वाली थी। मुकुंदराम का एक गुप्त शौक था– वह डायरी लिखता था। लेकिन यह कोई साधारण डायरी नहीं थी; इसमें वह अपनी गंदी हरकतों के कि स्से लिखता था, जिन्हें पढ़ने के बाद किसी भी सभ्य आदमी की आत्मा को धक्का लगे। पर समाज और सभ्यता में फर्क होता है। सभ्य लोग कुछ करते हैं, और समाज...खैर, समाज तो बहरे और गूंगे होते हैं। अब यह समाज की अनकही कहानियां थीं, जहां मुकुंदराम ने एक दिन अपनी प्रेमिका– चलिए उसका नाम भी बदलते हैं, *माहिला* रख देते हैं– उसे 59 टुकड़ों में काट डाला। जी हां, पूरे 59! ऐसे टुकड़े किए जैसे मांस की दुकान पर बैठे कसाई! अब कसाई की दुकान हो या अदालत, फर्क क्या पड़ता है? न्याय किसी के हिस्से का मांस नहीं काटता, बल्कि राजनीति करती है। माहिला के शरीर को जब फ्रिज में ठूंस दिया गया, तब मुकुंदराम ने सोचा कि चलो, फ्रिज के भीतर तो मामला ठंडा हो गया। मगर समाज का तापमान एकदम गर्म था। फिर वही घिसे-पिटे समाचारः ह्लमुकुंदराम भाग गया...ओडिशा में मिला उसका शव...आत्महत्या की चिट्ठी भी मिली, जिसमें उसने अपनी करतूत का 'रोमांटिक' किस्सा बयां किया।ह्व पर यह 'कट्टर' समाज, जो आजकल 'लव जिहाद' के नाम पर हड्डी काटने पर उतर आता है, इस बार बिल्कुल शांत था। ₹मुकुंदराम कोई मुसलमान थोड़ी है! लोगों ने कहा, और फिर सब चुप। धर्म नहीं बदला, तो कहानी में दम कहां रहेगा? यहां तो 'माहिला' की कहानी थी। उसने किसी से प्यार किया, और प्यार किया तो गलती कर दी। उसके शरीर के टुकड़े हुए, पर यह कोई बड़ी बात नहीं। समाज के टुकड़े तो पहले ही हो चुके हैं– एक 'कट्टर' हिन्दू समाज और एक 'लव जिहादी' समाज। दोनों की नजर में यह एक सामान्य हत्या थी, क्योंकि इसमें कोई ह्लधार्मिक एंगलह्व नहीं था। बिना धर्म का मसाला तो खबर, खबर नहीं लगती। फिर वो बड़ी-बड़ी मोमबत्तियां कहां गईं, जो हर हत्याकांड पर जलने आती हैं? ₹मुकुंदराम का धर्म सही है,₹ इसलिए इस बार मोमबत्तियां नहीं जलीं। हां, 'लव जिहाद' का नाटक होता, तो ये मोमबत्तियां अपने आप जल जातीं, जैसे सर्दी में लोग अलाव जलाते हैं। कहते हैं कि मुकुंदराम ने अपनी डायरी में आखिरी पन्ने पर लिखा था, ₹ये समाज मेरी हत्या नहीं देखेगा। क्योंकि मैं उसका बेटा हूं, और समाज अपने बेटों को माफ कर देता है– फिर चाहे वे 59 टुकड़े ही क्यों न कर दें।₹ और हुआ भी यही। मुकुंदराम की 'कहानी' खत्म हो गई, और 'माहिला' की तो कभी शुरू ही नहीं हुई थी। आखिरकार, यह समाज का फैसला है कि किसका 'माहात्म्य' होना चाहिए और किसे 'भुला' देना चाहिए। अब अगर मुकुंदराम ने 'लव जिहाद' किया होता, तो पूरा देश उसकी डायरी के हर शब्द को पढ़कर उबल जाता। पर यहां कोई चाय नहीं उबली। समाज के इस कट्टरपन में 'मुकुंदराम' जैसा व्यक्ति हीरो बन जाता है। उसकी डायरी भी बिकती है, और उसके किए हुए टुकड़े भी समाज की फ्रिज में ठंडे हो जाते हैं। और समाज? वह नीरसता की बर्फ पर चलता रहता है, यह भूलकर कि बर्फ के नीचे दबी हैं, 'माहिला' जैसी कई कहानियां, जो कभी उजागर नहीं होतीं। अंततः, यही समाज की विडंबना हैः जब धर्म और राजनीति के मिक्सचर से कोई हत्या होती है, तब ही समाज जागता है। वरना, 'माहिला' जैसी औरतों की कहानियां टुकड़ों में बंटी रह जाती हैं।




## ब्राउन ब्रेड खाना वाकई में होता है हेल्दी? आज जान लीजिए इसका जवाब

सुबह-सुबह ब्रेड और चाय खाना बहुत से लोगों को पसंद होता है. कुछ लोग व्हाइट ब्रेड तो कुछ ब्राउन ब्रेड खाते हैं. उनका मानना है कि नॉर्मल ब्रेड की तुलना में ब्राउन ब्रेड सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है. इसे खाने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वाकई ब्राउन ब्रेड ज्यादा हेल्दी होता है. आखिर यह व्हाइट ब्रेड से अलग कैसे होता है. आइए जानते हैं जवाब...

व्हाइट ब्रेड की तुलना में ब्राउन ब्रेड इसलिए ज्यादा जल्दी ऑप्शन माना जाता है, क्योंकि यह गेहूं से बनता है, जबकि व्हाइट ब्रेड रिफाइंड ग्रेन से बनाई जाती है. हेल्थ कॉन्शियस लोग ब्राउन ब्रेड का सेवन कर सकते हैं.

ब्राउन ब्रेड क्यों ज्यादा हेल्दी

1. ब्राउन ब्रेड होल वीट यानी गेहूं के आटे से बनती है. इसे बनाने के लिए आटे से चोकर भी नहीं हटाया जाता है. इसलिए इसमें फाइबर ज्यादा होता है.

2. साबुत गेहूं के आटे से बनने के कारण ब्राउन ब्रेड ज्यादा फायदेमंद होता है.

3. ज्यादा फाइबर की वजह से ब्राउन ब्रेड सॉफ्ट नहीं होता, क्योंकि इसे ज्यादा प्रॉसेस नहीं किया जाता है.

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस 1 अक्टूबर

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

# स्वस्थ बुजुर्गों को रोजगार से मिल सकती है ऊर्जा



मातृ देवो भवः , पितृ देवो भवः- इन पंक्तियों का सदैव से बड़ा महत्व रहा है । मैं तो इसे वेद वाक्य मानता हूं । जैसे ही हमारे जेहन में ये शब्द आते हैं , हमारा शीश श्रद्धा पूर्वक झुक जाता है । जिस तरह ईश्वर अदृश्य रहकर हर कठिन परिस्थिति में हमारा मार्ग दर्शन करते हैं , ठीक उसी तरह माता - पिता हमारे जीवन में दृश्य रूप में साक्षात ईश्वर हुआ करते हैं । विडंबना है कि आज के इस भौतिकतावादी युग में हमारी पीढ़ी की सोच में परिवर्तन के चलते ऐसे दृश्य कहीं विलोपित हो गए हैं । हमारे इस मानवीय समाज में चंद सु - संस्कारित परिवारों को छोड़ दें तो अधिकांश परिवारों में बुजुर्गों को भगवान मानना तो दूर इंसान का दर्जा भी नहीं दिया जा रहा है । जिन माता - पिता ने अपनी संतानों को जीवन का हर सुख प्रदान करने अपनी रातों की नींद तक को त्याग दिया , इन्हीं माता - पिता के असक्त होने पर बेटे सहित बहु और पोते - पोतियों का भरापूरा परिवार उनकी देखभाल के लिए लोगों को नियुक्त कर अपने कर्तव्य की इतिश्री करते आ रहे हैं ! एक वह समय भी था जब इन्हीं बुजुर्ग माता - पिता की आज्ञा के बगैर घर का कोई काम या निर्णय नहीं लिया जाता था । आज उन्हें ही उपेक्षित , बे - सहारा और दयनीय जीवन जीने विवश किया जा रहा है ! परिवार के बुजुर्गों का सम्मान छोड़ आज की पीढ़ी उन्हें - रूढ़िवादी , सनकी तथा न जाने किन - किन शब्दों की संज्ञा से नवाजते चले जा रहे हैं । एक कटु सत्य बयां करूं तो आज के समय में कामकाजी महिलाओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि देखी जा रही है । यह अच्छी बात भी है । इसका तात्पर्य यह नहीं कि बुजुर्ग माता - पिता को महज चौकीदार और आया बनाकर रख दिया जाए ! परिवार की बुजुर्ग महिला और अपने बेटे की मां तथा बहु की सास का सम्मान आज कहीं खो गया है ! परिवार की वही बुजुर्ग मां अपने पोते - पोतियों की दिनभर देखरेख करते हुए सेवा करे । शाम को बेटे - बहु के ऑफिस से आने पर उनके चाय - नाश्ते का बंदोबस्त करे ! क्या इसी दिन के लिए उस मां ने पढ़ी - लिखी और कामकाजी लड़की को अपनी बहु बनाया था ? यह तो ईश्वरीय देन है कि वही मां बड़े दिल और स्नेहिल आत्मा के चलते सभी प्रकार के दर्द को हंसते - हंसते सह जाती है । उसी मां का बेटा जो आज खुद पिता बन चुका है , कभी उसके दिल के कोने में झांक कर देखें तो उसे वहां छिपा हुआ दर्द अवश्य नजर आएगा । मैं तो यही कहना चाहता हूं कि यदि आप अपना कर्ज चुकाना चाहते हैं तो मां के उस दर्द पर मरहम लगाने का प्रयास उसके पास बैठकर स्नेह पूर्वक बात कर दूर करने का प्रयास जरूर करें । क्या हम इस सच्चाई से मुंह मोड़ सकते हैं कि हमारे बुजुर्ग ही हमारे जीवन के वटवृक्ष होते हैं, जिसकी शीतल छांव में हमारा बचपन बीता और हमारी यौनावस्था को बल मिला ।

आज हमारे देश में लगभग 16 से 18 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनकी उम्र 60 वर्ष या इससे अधिक है । वे ऐसे माता - पिता , दादा - दादी , नाना - नानी हैं , जिन्होंने इस देश के विकास की गति को बरकरार रखा । ऐसा अनुमान भी सरकारी आंकड़ों के माध्यम से लगाया जा रहा है कि सन 2031 तक इन्हीं बुजुर्गों की संख्या 22 से 25 करोड़ पहुंच सकती है । इस गणितीय आंकड़े के आधार पर प्रत्येक सातवां भारतीय इसी आयु वर्ग का हिस्सा होगा ! साथ ही 140 करोड़ की कुल आबादी में युवाओं और किशोरों की संख्या कहीं अधिक होगी । ऐसे में हम चाहें तो अपने बुजुर्गों की देखभाल बड़ी आसानी से कर सकते हैं । जरूरत है सिर्फ संकल्प की । मैं यदि कल्पना करूं तो प्रत्येक तीन में से दो बुजुर्ग किसी लंबी या असाध्य बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं । वहीं तीन में से एक अवसाद का शिकार हो चुके हैं ! प्रत्येक चार में से एक को चलने - फिरने में परेशानी हो सकती है ! क्या हमारा परिवार और उसमें सम्मिलित सदस्य ऐसे बुजुर्गों की देखभाल करने में असमर्थ हैं ? जहां तक मैं समझता हूं ऐसा नहीं है । यदि बुजुर्गों के प्रति हमारा नजरिया प्रेम और स्नेह से परिपूर्ण है तो उनकी सेवा कोई चुनौती नहीं है । हमारे बुजुर्गों के जीवन में उनके हम उम्र की मौत की खबर उन्हें भय की स्थिति में ला देती है । शारीरिक स्वास्थ्य ,सेवा - निवृत्ति , बच्चों का उनसे दूर रहना , उम्र के कारण लाचारियां , बच्चों द्वारा दुर्व्यवहार से उनकी मानसिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है । बुजुर्गों की इन सारी समस्याओं का मनो-वैज्ञानिक समाधान ठीक उसी तरह ढूंढना होगा जिस तरह सामाजिक समस्याओं का हल तलाशा जाता है । बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी देखभाल का बीजारोपण बेहतर तरीके से करने के उद्देश्य से स्कूली स्तर से ही हमारे पाठ्यक्रम में इसे शामिल करना होगा । हमारे भारतवर्ष के सांस्कृतिक मूल्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान और दया भाव के साथ ही बनाए गए थे । साथ ही बुजुर्गों की अहमियत को हमारी प्रारंभिक शिक्षा , फिल्मों और साहित्य के माध्यम से बच्चों के हृदय में उतारा गया था । कहीं न कहीं वर्तमान शिक्षा प्रणाली भी इस तरह की लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराई जा सकती है । हमें ऐसे बुजुर्गों के लिए , जो मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं - रोजगार और सक्रिय रहने के लिए विकल्प तलाशने होंगे । परिणाम यह होगा कि वे अर्थव्यवस्था में योगदान करते हुए जहां सम्मान जनक जीवन जी सकेंगे वहीं ऊर्जा का अनुभव भी कर सकेंगे । जहां जिस शासकीय या अशासकीय तथा संस्थागत कार्यालयों में हमारे बुजुर्गों के लायक रोजगार उपलब्ध हों , उन्हें वहां मौका देना और उनके अनुभवों का लाभ लेना हमारे लिए उपयुक्त हो सकता है । जहां तक मैं समझता हूं ऐसा परिवर्तन हमारे बुजुर्गों को जीवन जीने का उल्लास प्रदान कर सकता है । एक और रास्ता भी बुजुर्गों के सम्मान के लिए निकाला जा सकता है , जो बुजुर्गों के कल्याण के लिए अलग मंत्रालय के रूप में काम करे । हमारे राजनेताओं को मेरा कथन बुरा लग सकता है - ₹ जब कब्र में पैर लटकाए बैठे राजनेताओं को बड़े पद दिए जा सकते हैं , तो काबिल बुजुर्गों को रोजगार प्रदान कर उनके जीवन की बैसाखी क्यों नहीं बना जा सकता है ₹ ? बुजुर्ग किसी परिवार या कुल विशेष में ही पूज्य नहीं होते । आयु के साथ ज्ञान वृद्धि का तो सदा - सर्वदा सभी समाजों - सभाओं में आदर - सम्मान होता है । सच्चाई तो यह है कि जिस समाज में बुजुर्गों का सम्मान नही होता और उनके अनुभवों का अनुसरण नहीं किया जाता वह समाज दिशाहीन हो जाता है।



## एक नजर

### शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर में राष्ट्रीय पोषण पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**रायपुर, 30 सितम्बर।** राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर 30 सितम्बर से 01 अक्टूबर, 2024 तक डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर में एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाई, केंद्रीय संचार ब्यूरो, रायपुर द्वारा लगायी जा रही है। प्रदर्शनी के साथ ही साथ अन्य कई गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विद्यालयीन छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक शामिल होंगे ।

### जिले में हो रहे है विभिन्न गतिविधियों के आयोजन

**दंतेवाड़ा, 30 सितम्बर ।** जिले में 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान, इसका का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। जिसके तहत आज जिला मुख्यालय पुराना ग्रंथालय में स्वच्छता से संबंधित वॉल पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन द्वारा उक्त कार्यक्रम सम्मिलित होकर कार्यक्रम का प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया गया। चूंकि स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत समुदाय की भूमिका सरकारी प्रयासों से ज्यादा महत्वपूर्ण है। अतः सम्पूर्ण जिले में युवोदय के वॉलेंटियर नियद नेल्लानार पंचायत के समन्वयक के द्वारा स्वच्छता पर चित्रकला, पेटिंग, शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली, क्या स्वच्छता अभियान में इस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं विभिन्न स्वच्छता के गतिविधियां आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कटेकल्याण के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भी कार्यालय के आस-पास की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### बस्तर का हर एक गांव भाजपामय हो यही हमारा लक्ष्यः केदार कश्यप

**जगदलपुर 30सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर आज रविवार को बस्तर संभाग के वरिष्ठ नेता व छत्तीसगढ़ सरकार में वनमंत्री केदार कश्यप क्षेत्रीय प्रवास के दौरान नारायणपुर विधनसभा के ग्राम बड़े आमाबाल, ग्राम देवड़ा और मर्दापाल पहुंचे। जहां उन्होंने स्वयं स्थानीय युवाओं, कॉलेज विद्यार्थियों, क्षेत्र वासियों से भेंट करते हुए उन्हें भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता प्रदान किया। सदस्यता अभियान को लेकर वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक और राष्ट्रवादी संगठन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में चलाया जा रहे यह अभियान पूरे देश में अपने लक्ष्य को प्राप्त होने वाला है। सभी कार्यकर्ता अपने लक्ष्य के अनुसार लोगों को सदस्य बनाने में जुटा हुआ है। वनमंत्री केदार कश्यप ने बस्तर संभाग में सदस्यता अभियान को लेकर कहा कि बस्तर जैसे दूरस्थ अंचल में कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया है। शुरुआत में नेटवर्क की समस्या के कारण कठिनाइयों से जूझना पड़ा लेकिन ऑफलाइन माध्यम से सदस्यता अभियान में तेजी आई है। बस्तर का हर एक गांव भाजपामय होगा यही हमारा लक्ष्य है। वहीं नारायणपुर विधानसभा के मर्दापाल में स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भाजपा की सरकार द्वारा लाया गया यह योजना शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाया है। वनमंत्री केदार ने कहा कि स्कूल दूर होने के कारण आगे की पढ़ाई के लिए ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र की बेटियों पढ़ाई में मुश्किल आती थी। सरस्वती सायकल योजना के माध्यम से इस समस्या का हल हुआ जिसके परिणाम स्वरूप पढ़ाई करने वाले बेटियों के संख्या में काफी वृद्धि हुआ। मर्दापाल क्षेत्र में प्रवास के दौरान क्षेत्रवासियों को न्रामंत्री केदार कश्यप ने लाखों की सौगात दी है। विभिन्न ग्राम पंचायतों में देवगुड़ी निर्माण के लिए भूमिपूजन एवं शिलान्यास भी किया गया।

### नक्सली संगठन के 4 सक्रिय नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा 30 सितंबर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव के फलस्वरूप नक्सली संगठन में सक्रिय कुल 4 नक्सलियों माड़वी भीमा (ग्राम पूवर्ती डीएकेएमएस सदस्य), माड़वी सुक्का (ग्राम पूवर्ती डीएकेएमएस सदस्य), कवासी बुधरा (ग्राम पूवर्ती डीएकेएमएस सदस्य) एवं कुंजाम मुया (ग्राम पूवर्ती डीएकेएमएस सदस्य) सभी निवासी सुकमा के द्वारा नक्सल संगठन को छोडकर समाज की मुख्यधारा मे जुडने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। उक्त नक्सलियों को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में थाना जगरगुण्डा पुलिस, 150 वाहिनी सीआरपीएफ एवं 201 वाहिनी कोबरा के आसूचना शाखा कार्मिकों का योगदान रहा। उपरोक्त आत्मसमर्पित चारों नक्सली प्रतिबंधित नक्सल संगठन में जुडकर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गों पर स्पाईक/बम हलगाना, मुख्य मार्गों को खोदकर मार्ग अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध बेनर, नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाने एवं अन्य घटनाओं में शामिल रहे हैं। उक्त सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें दी जाएगी।

# पशुधन विभाग की लापरवाही के चलते बीमार पशुओं का नहीं हो रहा इलाज

## गायों के बीमार होने पर पशु पालकों को लगाने पडते हैं पशुधन विभाग के कई चक्कर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 30 सितंबर।** दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में स्थित पशुधन विभाग केवल नाम का रह गया है इस विभाग में कागजी तौर पर भले ही काम होते हों मगर जमीनी स्तर पर विभाग में पदस्थ डॉक्टर कोई काम नहीं कर रहे। पूरा विभाग वेंटीलेटर पर है। नतीजतन जिले में बीमार व घायल, चोटिल पशुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। सरकार ने पशुओं की त्वरित चिकित्सा व्यवस्था के लिए मोबाइल मेडिकल चलित वाहन की व्यवस्था भी कर रखा है ताकि कॉल पर चलित वाहन मौके पर पहुंच गौ माताओं की बेहतर चिकित्सा व्यवस्था कर सके मगर इस चलित वाहन का भी कोई फायदा होता नहीं दिख रहा। वाहन में केवल सरकारी डीजल ही फूंकी जाती है इसका कितना सही इस्तेमाल हो रहा है इसकी भी जांच जांच निगरानी होनी आवश्यक है। गौरतलब है कि दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी जब दंतेवाड़ा में बतौर कलेक्टर पदस्थ हुए थे तब वे पहली बार जब जिले के पत्रकारों से भेंटवार्ता किए थे उसी भेंटवार्ता के दौरान ही पत्रकारों ने पशुधन विभाग की लचर, सुस्त एवं खराब कार्यप्रणाली को लेकर चिंता जताते कलेक्टर सर से इसे दुरूस्त करने की बात कही थी साल बीतने को हैं मगर पशुधन विभाग की कार्यप्रणाली में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा बल्कि और भी ज्यादा खराब हो गई है। आलम यह कि जिला मुख्यालय में हर चौक चौराहों पर, सड़कों पर ईधर उधर घिसट-घिसटकर रेंगते, खूरों में कीडे लगे, खूर बढ़े हुए, जख्मी हालत में लंगडाते घिसडते कई गाय बैलों को साफ तौर पर देखा जा सकता है इन बेजुबानों के इलाज की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? क्यों पशुधन विभाग की मोबाइल मेडिकल चलित वाहन इन्हें देखकर इनका इलाज नहीं करती? विभाग में पदस्थ डॉक्टर क्यों पशु औषधालय लेजाकर इनका उपचार नहीं करते? विभाग की अकर्मण्ता के चलते ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालक हों या शहरी क्षेत्र के दोनों को ही इसका खामियाजा उस दौरान भुगतना पड़ता है जब उनके गायें बीमार हो जाती है। पशुधन विभाग के कई चक्कर लगाने के बाद भी डॉक्टर बीमार गायों को देखने उनका इलाज करने घर पर नहीं आते। बमुश्किल कोई डॉक्टर आ भी गया तो देख पड़ताल कर बगैर इलाज किए ही चला जाता है। पशुधन विभाग बीमार पशुओं के इलाज को लेकर किस कदर लापरवाह है इसका जीता जागता उदाहरण अभी हाल में ही देखने को मिला है जब शहर के ही एक पशुपालक की जर्सी गाय थनैली रोग से ग्रसित हो गई पशुपालक ने डॉ0 रजक को फोन कर बुलाया। डॉक्टर आए देखे और बाद में पूरे इंतजाम के साथ आता हूं कहकर चले गए और दुबारा नहीं आए। परेशान पशुपालक ने जैसे तैसे बचेली में पदस्थ पशुधन विभाग के डॉक्टर राहुल मंडावी से संपर्क साधा । डॉ0 श्री मंडावी पशुपालक के घर पहुंचे और बीमार गाय को देखा, उनका इलाज किया, इंजक्शन लगाया, ड्रिप चढ़ाया, थन में जमे गंदे खून, को सीरिंज से बाहर निकाला तब कहीं जाकर गौ माता एक हफते बाद अपने पैरों पर खड़ी हो पाई और उसने थोड़ा दाना चारा भी खाया। ये हाल जिला मुख्यालय में पशुधन विभाग का है। विभाग केवल नाम का ही रह गया है। बीमार पशुओं के इलाज के लिए जब भी किसी डॉक्टर को फोन किया जाता है तो डॉक्टर कोई ना कोई बहाना बनाकर आने से बचने का प्रयास करते हैं। आए दिन सड़कों पर जानवर हादसे का शिकार हो रहे हैं। घायल जानवर सड़कों पर ही तड़प तड़प कर मर जाते हैं । पशुओं को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। समय पर इलाज न मिलने के वजह से अब तक कितने ही पशुओं की मौतें हो चुकी है।

# टमाटर, मिर्च लगाकर ग्राम झोड़ियाबाड़म की दीदियां बदल रही हैं अपनी जिंदगी की तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा,30 सितंबर ।** कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में कृषि कार्य अब लाभकारी हो चुका है, राज्य सरकार ने विगत वर्ष में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता देकर विभिन्न योजनाओं को संचालित किया है और इसका सीधा प्रभाव आज यथार्थ के धरातल पर परिलक्षित है। परंपरागत खेती में कई बदलावों के साथ अब राज्य के लोग आधुनिक एवं उन्नत तकनीक के साथ व्यावसायिक तौर पर खेती कर रहे हैं। इसका सीधा लाभ कृषकों को हो रहा है। मुख्यतः धान की खेती के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ राज्य अब शाक सब्जियों की खेती का भी गढ़ बन रहा है। राज्य में सब्जी की खेती का फैलाव अब मैदानी इलाकों से निकलकर पहाड़ों तक हो चला है। खास तौर पर शाक सब्जियों की खेती के साथ वनांचलों के ग्रामीण भी जुड़ रहे हैं। शाक सब्जियों की खेती वर्तमान में बेहद मुनाफे की खेती में परिवर्तित हो गई है। यही नहीं शाक सब्जियों की खेती में स्व सहायता समूहों की महिलाओं को जोड़े जाने के पहल ने भी कृषि क्षेत्र में भी कई बदलाव लाए है। अगर इसे फायदे के दृष्टिकोण से देखा जाएं तो महिलाओं के बड़े समूहों को घर बैठे रोजगार मिलने के साथ-साथ आर्थिक आमदनी में वृद्धि हुई है इसके अलावा गैर परम्परागत कृषि को प्रोत्साहन मिला। इस क्रम में जिले के ग्राम पंचायत- झोड़ियाबाड़म (कलार पारा) जय मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह (बिहान) की दीदी श्रीमती पीला बाई सेठिया, एवं श्रीमती मालेश्वरी सेठिया ने भी समूह से जुड़कर अपने कृषि कार्य को एक नयी दिशा दी है। ये दीदियां भी अन्य ग्रामीण महिलाओं की तरह पारंपरिक खेती पर निर्भर थी। स्पष्ट है कि इससे उनकी आय भी सीमित रहती थी। फिर उन्होंने बिहान योजना से जुड़ कर बैंक लिंकेज करवाकर ने अपनी आय बढ़ाने और खेती में कुछ नया करने का निर्णय लिया। सर्वप्रथम उन्होंने उन्नत किस्म के टमाटर, मिर्ची को अपनाया जो अधिक उत्पादक और कीटों के प्रति प्रतिरोधी थीं। फिर ड्रिप इरिगेशन तकनीक माध्यम से उन्होंने पानी की बचत और पौधों को सही मात्रा में पानी देने की विधि अपनाई इससे ने केवल उत्पादन में वृद्धि हुई साथ ही साथ पानी का सही उपयोग भी हुआ। इसके अलावा श्रीमती पीलाबाई एवं श्रीमती मालेश्वरी सेठिया ने ऑर्गेनिक खेती की तरफ भी ध्यान दिया और उन्होंने रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद का उपयोग शुरू किया, जिससे उनकी फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई और बाजार में उनके उगाए टमाटर की मांग बढ़ी।

इसके साथ ही उन्होंने ''मल्चिंग तकनीक'' (प्लास्टिक कवर का उपयोग) विधि अपना कर टमाटर, मिर्च की क्यारियों में मिट्टी की नमी को बनाया रखकर खरपतवार नियंत्रित भी किया। इससे भूमि की उर्वरता बनाए रखने में मदद मिली और उनकी टमाटर, मिर्च की फसल को अतिरिक्त लाभ हुआ। इन महिलाओं के कृषि पहल से प्रेरित होकर समूह के अन्य दीदियां भी लघु स्तर पर शाक सब्जियों की खेती कर रही है। बहरहाल इन दीदियों ने शाक सब्जियों के खेती में अपने लिए अतिरिक्त आय का जरिया को तलाश कर एक प्रगतिशील महिला कृषक का दर्जा हासिल कर लिया है।

**नवरात्रि पर्व**



**जगदलपुर 30 सितंबर। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 स्थित ग्राम बस्तर में नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारियां जोर शोर से चल रही है युवा वर्ग में इसको लेकर भारी उत्साह है। आयोजन का यह 34 वां वर्ष है।**

# पंचायत में रजिस्टरपंजी में लीपापोती की जनदर्शन में जांच की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद 30 सितंबर।** सामाजिक कार्यकर्ता परमानंद कुर्रे खपरी (बंगोली) द्वारा ग्राम पंचायत मे सोलह पंजी संधारण मामले में जनदर्शन कलेक्टर के समक्ष शिकायत किया गया है जिसमें ग्राम पंचायत मुल्ले, चटौद, परखंदा, गुदगुदा, चारभाठा, गणेशपुर वि.खं. कुरूद जिला धमतरी मे अभिलेख संधारण माहवार संधारित कर इस आशय का प्रमाण पत्र सहायक आन्तरित लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी द्वारा जिला पंचायत में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देश जारी की गयी है तथा जो सहायक आंतरिक लेखा परिक्षण एवं करारोपन अधिकारी द्वारा उक्त कार्य नहीं किये जाने पर आगामी माह का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया गया है जिसकी शिकायत जिला पंचायत धमतरी जिला धमतरी जिसकी शिकायत कलेक्टर जनरेशन में स्वयं उपस्थित कर शिकायत किया गया पूर्व में जिला पंचायत मे शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं होने से जिला पंचायत धमतरी की प्रशासनिक उदासीनता के कारण जानबुझकर बिना ग्राम पंचायतो की सोलह पंजी एवं अन्य अभिलेखों की जांच किये बिना जनपद पंचायत में पदस्य दोनो सहायक आन्तरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी डी.एस.मरकाम एवं श्री झलेन्द्र कुमार कवंर तथा पंचायत सचिवों को बचाने के लिए संरक्षण दिया जा रहा है। कुर्रे यह भी कहा कि 2019-20 से सन् 2022 - 23 की सोलह पंजी एवं अन्य अभिलेख की पंजी संधारण कार्य लंबित है। जिसकी जांच टिम गठित कर जांच कराई जावे जिससे दुध का दुध और पानी का पानी हो सके और सबके सामने भ्रष्टाचार उजागर हो सके पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उपरोक्त पत्र में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन सहायक आन्तरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी तथा उपरोक्त ग्राम पंचायत के सचिवों के विरुध्द दिये गये निर्देश एवं नियमों के तहत् अनुशानात्मक कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत पत्र दिया है।

# 'लोन वर्राटू'' के तहत विशेष सुविधा शिविर का आयोजन कर लोगों को किया गया लाभान्वित

- आत्म समर्पित एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का मिला लाभ
- कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया शिविर का निरीक्षण



**दंतेवाड़ा,30 सितम्बर ।** जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा दंतेवाड़ा जिले के कारली में स्थित सामुदायिक भवन (पुराना हैनेक्स प्रिंटिंग यूनिट) में आज ''लोन वर्राटू'' (घर वापसी ) अर्थात आत्म समर्पित एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के तहत विशेष सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के मार्गदर्शन पर जिले में निवासरत आत्म समर्पित परिवार एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों को केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इस कड़ी में उक्त सुविधा षिविर के अन्तर्गत समस्त विभाग जिसमें राजस्व, स्वास्थ्य,शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, महिला बाल विकास, क्रेडा, उद्योग, श्रम, कृषि, परिवहन, समाज कल्याण,कौशल विकास विभागों द्वारा इन परिवारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जैसे अन्य महत्वपूर्ण विभागों के द्वारा योजनाओं के संबंध में शिविर लगाया गया। शिविर में इन विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं को लेकर स्टॉल लगाए गये। जिसमें आत्म समर्पित एवं नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों के लिए अपना आधार कार्ड, बैंक से संबंधित खाते भी खुलवाए जा रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा परिवारजनों का स्वास्थ्य जांच भी किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने मलेरिया डेंगू, सिकल सेल, एनीमिया जांच, एचआईवी, सुगर, टाइफाइड एवं अन्य जांच के साथ-साथ खान, पान, रहन-सहन एवं होने वाले बीमारियों का बचाव के संबंध में बारीकी से बताया गया। इस दौरान शिविर में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने विभाग प्रमुखों से शिविर में आए आत्म समर्पित परिवार एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों के लगभग 157 परिवारों को केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ योजनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने कहा कि शिविर में आए परिवारजनों को अगर कोई शंकाएं हो तो संबंधित विभाग से अवश्य जानकारी लेवें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार विश्व रंजन, एसडीएम श्री जयंत नाहटा पुलिस विभाग के अधिकारी सहित जिला स्तरीय विभागीय प्रमुख मौजूद थे।

### नक्सल सामग्री बरामद

**सुकमा 30 सितंबर।** जिले के में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में कोंटा एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति आसूचना पर डीआरजी एवं बस्तर फाईटर्स संयुक्त पार्टी विशेष नक्सल विरोधी अभियान हेतु ग्राम दंतेशपुरम, भण्डारपदर, नागाराम, कोराजगुड़ा व आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान आज रविवार को प्रातः लगभग 8 बजे ग्राम दंतेशपुरम के जंगल-पहाड़ी में पुलिस जवानों अपनी ओर आते देखकर नक्सली जंगल व झाड़ी की आड़ लेकर भागने में सफल हुए।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत उप डाकघर परिसर में की गई सफाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोंडागांव 30 सितंबर।** केंद्र शासन के विशेष अभियान स्वच्छता ही सेवा 4.0 के अंतर्गत 29 सितम्बर रविवार को उपडाकघर परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किया गया। इस मौके पर उपसंभागीय निरीक्षक श्री आरएस मिश्रा ने कहा अपने आसपास को साफ सफाई रखना मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है साफ सफाई के लिए कोई निश्चित तिथि की आवश्यकता नही है समय समय पर साफ सफाई करते रहना चाहिए। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम सार्वजनिक स्थानों में किसी प्रकार गन्दगी न फैलाये। स्वच्छता ही सेवा के मौके पर उपडाकपाल शेख रुहुल ताज, उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव2 सुभाष भूआर्य, डाक सहायक दयाराम ध्रुव, नईम खान, सन्दीप राव, हरेंद्र यादव, डिकेश मिर्झा, देव कुमार कौशल, कुश पांडे, कुंदन, नीतीश, आदिल अहमद, अनिल पटेल ने श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया।

## विनोबा ऐपः ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल

# एक माह में किए गए अच्छे काम के लिए शिक्षकों को किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 30 सितम्बर ।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक उन्नयन के लिए आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप यह ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है, विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान और सराहना होती है, यहाँ शिक्षक एक दुसरे के साथ कनेक्ट होते है, साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है, और शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। इस में मुख्य रूप से शिक्षा में नवाचार, शिक्षकों के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियां सभी से साझा करने के लिए शेयर एंड लर्न, तथा शिक्षकों के नवनवीन उपक्रम, टीएलएम और शिक्षकों को शैक्षणिक सहायता तथा मार्गदर्शन मिलने के लिए विनोबा ऐप सहायक सिद्ध हुआ है। इसके अन्तर्गत हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड जिला स्तर पर पांच शिक्षकों को दिया जाता है। इस में जिला एवं विकास खंड स्तर पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय विजेता शिक्षकों को उनकी रचनात्मक गतिविधियों के लिए जनप्रतिनिधि पार्षद विमला रावत सुमन ठाकुर, मनोज मालवीय और जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबस्ता तथा जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडीपीओ नेहा नाथ एवं आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के कार्यक्रम व्यवस्थापक भरत सिन्हा उपस्थित थे, इस तारतम्य में सभी सम्मानित जनों को जिला सहयोग अधिकारी सागर गजभिये द्वारा विनोबा कथावली भेंट दी गयी। इस सम्मान समारोह में जिला स्तरीय ''पोस्ट ऑफ द मन्थ'' माह जून, जुलाई एवं अगस्त के 15 विजेता शिक्षक, ''बोलेगा बचपन गतिविधि'' माह अगस्त के जिला स्तरीय 3 विजेता शिक्षक, ''दैनिक उपस्थिति में। ग्रेड विद्यालय माह अगस्त के जिला स्तरीय 3 विजेता विद्यालय, ''लीडर बोर्ड पर टॉप 3 संकुल'' के जिला स्तरीय 3 विजेता संकुल समन्वयक तथा दंतेवाड़ा विकासखण्ड स्तरीय ''पोस्ट ऑफ द मन्थ'' माह जुलाई एवं अगस्त के 3 विजेता शिक्षा इत्यादि को सम्मानित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### सक्षम विद्यालय जावंगा के दिव्यांग बच्चे कौशल विकास, घुड़सवारी व टैलेंट शो में दिखाएंगे अपना जलवा



**दंतेवाड़ा,30 सितंबर ।** नक्सलगढ़ के नाम से जाने जाना वाला दंतेवाड़ा जिला अब जिला प्रशासन के प्रयास से शिक्षा, स्वरोजगार, कौशल विकास, खेल, प्रतिभा के पथ पर अग्रसर है। जिले की छवि को विकास का नया आयाम देने में प्रशासन का अहम भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन, एसडीएम दंतेवाड़ा व सह नोडल अधिकारी सक्षम जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में श्री अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी जावंगा में संचालित सक्षम दिव्यांग बच्चों के बाधारहित आवासीय विधालय के 30 बालक एवं 17 बालिका सहित कुल 47 छात्र छात्राओं द्वारा महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित राजस्थान के बीकानेर में 23वां स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया जायेगा। इन बच्चों के साथ 12 शिक्षक शिक्षिका ट्रेनर भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर चयनित छात्र छात्राओं को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा शुभकामनाएं देते हुए इनके वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके अलावा सक्षम संस्था के ही 7 छात्र आगामी 05 व 06 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में सेना कार्यक्रम में घुड़सवारी खेल का प्रदर्शन करेंगे। इस संस्था की अन्य उपलब्धि के तहत जम्मू कश्मीर राज्य में आयोजित दिव्यांग बच्चों के लिए राष्ट्रीय टैलेंट शो ''हम भी किसी से कम नहीं'' में भी सक्षम के दृष्टिबाधित छात्र मास्टर अंजन का गायन में व सीमा, सिमरन, महिमा एवं पूनम का चयन नृत्य विधा के अन्तर्गत हुआ है। इन बच्चो की रवानगी के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों के मनोबल और हौसले को प्रोत्साहन दिया। इस मौके पर डीईओ एस. के अम्बस्ता, बालक छात्रावास अधीक्षक प्रमोद कर्मा एवं बालिका छात्रावास अधीक्षिका रमा कर्मा, डीईओ, डीएमसी, बीईओ, एबीइओ, संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

### 2 लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा 30 सितंबर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव के फलस्वरूप नक्सलियों के आत्मसमर्पण का सिलसिला जारी है। जिसके तहत नक्सली संगठन में सक्रिय 2 लाख के इनामी नक्सली मलांगेर एरिया कमेटी प्लाटून नम्बर 24 का सदस्य कुरामी कोसा पोरदेम ने दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के सामक्ष डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण् कर दिया है। विदित हो कि दंतेवाड़ा जिले में अब तक लोन वर्राटू अभियान के तहत 198 इनामी सहित कुल 873 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इन सभी नक्सलियों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## एक नजर

### आईईडी के चपेट में आकर दिव्यांग हुए 5 ग्रामीणों का बना दिव्यांग प्रमाण पत्र

**बीजापुर 30 सितम्बर।** स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से बीजापुर जिला अंतर्गत आईईडी के चपेट में आकर दिव्यांग हुए 05 व्यक्तियों को स्वास्थ्य विभाग में परीक्षण कराया जाकर दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किया गया जिसे अब दिव्यांगता के प्रतिशत के आधार पर पात्रता अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण प्रदाय किया जायेगा। इसी प्रकार खाद्य विभाग से दिव्यांग राशन कार्ड बनाया जायेगा साथ ही खादी ग्रामोद्योग एवं उद्योग विभाग से भी स्वरोजगार चलाने हेतु ऋण प्राप्त कर सकेंगे। इसी तरह शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की पहल जिला प्रशासन के विभागीय अमला द्वारा की जाएगी।

### जिला न्यायालय परिसर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**कांकेर, 30 सितंबर।** स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के तहत आज सुबह स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कांकेर की अगुआई में न्यायालय परिसर में साफ सफाई की गई, जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्तगण और कर्मचारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर परिसर की सफाई की।कार्यक्रम के दौरान, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य स्थायी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना, दैनिक आदतों में स्वच्छता को शामिल करना और स्वच्छ तथा स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायालय परिसर को स्वच्छ रखना न केवल न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है, बल्कि अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और पक्षकारों की भी यह विशेष दायित्व है।उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित किया गया था, जो महात्मा गांधी की जयंती 02 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।

### जन्म से मृत्यु तक के सभी जरूरी प्रमाण-पत्र समय पर बने, यह सुनिश्चित करें कलेक्टर

**कांकेर, 30 सितंबर।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी कलेक्टर्स की बैठक लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जिलेवार विस्तृत समीक्षा की। उक्त वर्चुअल समीक्षा बैठक में जिले से कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल ने एनआईसी कक्ष में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक आमजनता की जरूरत के सभी प्रमाण पत्र आमजनता को समय पर उपलब्ध कराने और हितग्राहियों की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाकर सभी कलेक्टर्स कार्य करें।मुख्य सचिव ने आज दोपहर 12 बजे आयोजित वीसी के माध्यम से विभिन्न एजेंडों पर समीक्षा करते हुए कहा कि सहकारी समिति के गठन के एक-एक अधिकारी स्वयं गांव में जाकर समिति गठन की प्रक्रिया पूरी कराएं। इस कार्य में अन्य विभागों का सहयोग और सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने देश भर में 02 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिलों में चलाई जा रही गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छता लक्षित इकाई, सफाई सुरक्षा मित्र, स्वच्छता में जनभागीदारी सहित संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी गतिविधियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र अंतर्गत ठोस और तरल कचरा प्रबंधन हेतु किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश में मादक पदार्थों पर रोकथाम और नियंत्रण के लिए भी कारगर कार्ययोजना बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तरीय समिति का हर महीने नियमित बैठक आयोजित हो। नशे की डिमांड पर नजर रखें और इस अभियान में स्वयं सेवकों, एनएसएस और रेड रिबन क्लब को भी शामिल करते हुए सतत जनजागरूकता अभियान चलाएं। इसके अलावा बैठक में डिजिटल फ़सल सर्वेक्षण, जलजीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा, मुख्य मार्गों से पालतू एवं आवारा पशुओं को हटाने के कार्य का प्रभावी क्रियान्वयन, राशनकार्ड का ई केवायसी, खरीफ़ विपणन में धान उठाव सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

### समाज की विलुप्त होती संस्कृति को बचाने के लिए बेटियों ने किया जागरूक

**पत्थलगांव, 30 सितंबर।** अग्रसेन जयंती के करीब आते ही अब कार्यक्रमो मे भी रोमांच और अधिक बढते जा रहा है। पिछले चार दिनो से भवन मे खेलकूद की प्रतियोगिताओ के अलावा शाम ढलते ही सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शुरूवात की जा रही है। दिन शनिवार की शाम समाज की बेटियों ने महानगर मे घटित बलात्कार की घटना एवं समाज मे विलुप्त होती संस्कृति को बचाने का उददेश्य लेकर अभिनय के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया। दिन शनिवार की शाम अग्रसेन जयंती के रंगारंग कार्यक्रम मे बेस्ट ड्रामेबाज का आयोजन किया गया था,जिसमे गुंजन,रूपाली,श्रुति व सिया ने समाज को अपनी कला से सोच बदलने का संकेत दिया। उन्होने अपने अभिनय के माध्यम से बताया कि यूं तो महिलाओ को पुरूषो के समकक्ष लाकर खडा कर दिया गया है,परंतु आज भी महिलायें अपने अधिकारो से काफी दूर है। पुरूष आज भी महिलाओ को अबला समझकर उनके साथ घिनौनी हरकतो को अंजाम दे रहे है,जिसका खामियाजा पूरी महिला जाती को शर्मिंदगी के साथ उठाना पड रहा है। देश मे बढते यौन उत्पीडन,बलात्कार एवं अन्य मानसिक प्रताडना पर गूंजन एंड ग्रुप ने अपना अभिनय प्रस्तुत करते हुये देश एवं समाज से अपनी सुरक्षा की मांग की।

इस अभिनय के बाद एक बार मंच पर पूरी तरह खामोशी छा गयी थी,परंतु अभिनय के उददेश्य को समझने के बाद अग्र समाज के लोगो ने तालियां एवं प्रशंसा से कलाकारो का उत्साह वर्धन किया। गुंजन एंड ग्रूप को निर्णायको ने पहला स्थान दिया। दूसरे स्थान पर निर्भय एंड ग्रूप था,उन्होने भी हास्यप्रद अभिनय की प्रस्तुति देकर लोगो को गुदगुदाया,निर्भय एंड ग्रुप द्वारा परिवारिक विषयो पर अपना अभिनय प्रस्तुत किया था। तीसरे स्थान पर सूर्यांश एंड ग्रुप ने बाजी मारी,उन्होने हाल ही मे हुये समाज के चुनाव के संबंध मे अपना अभिनय प्रस्तुत किया था।।

# युवराज जायसवाल ने जोबी कॉलेज में वित्तीय साक्षरता के महत्व को बताया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया,30 सितंबर।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का गुरूवार को सफल समापन हुआ। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि युवा हस्ताक्षर श्री युवराज जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता श्री धनवंत सिंह राठिया एवं डिगम्बर सिंह राठिया मंचासीन हुए। प्राचार्य श्री थवाईत द्वारा उनके सभी प्रशिक्षकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त कर किया गया। कार्यशाला भारत सरकार, नई दिल्ली की डीएसटी, आईबीआईटीएफ और आईआईटी भिलाई के सौजन्य एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. व जोबी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विशेषकर फिनटैक के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री सुनील कुमार कुमेटी ने निर्देशन एवं उनके दल के मार्गदर्शन में 'वित्तीय साक्षरता' के विषय पर आधारित रही। प्राचार्य श्री आरके थवाईत ने कार्यशाला की दिन प्रतिदिन की गतिविधियों पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला। उन्होंने इस दौरान साइबर सेल, एसबीआई बैंक, कोर्ट, स्वास्थ्य विभाग व आजीविका मिशन सहित अन्य विभागों व जिलों से आए कुल एक दर्जन से अधिक दिग्गज प्रशिक्षकों ने बारी-बारी शिरकत की और विद्यार्थियों को पैसे का मोल समझाया। बताया गया कि, ÷पैसा पेड़ पर नहीं उगता, उसे मेहनत से कमाना पड़ता है और बचत की गई हर पाई, भविष्य की सुरक्षा निधि है। साइबर क्राइम से बचें और निवेश भी वही करें, जो आप समझ सकें ऐसी सलाह दी गई। तो वहीं बढ़ते क्रम में मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने अमीर के और अमीर एवं गरीब के और गरीब बन जाने के कारण में वित्तीय साक्षरता को लेकर क्षेत्र व स्थान विशेष में जागरूकता के अभाव को कारण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण में सिखाए गए वित्तीय गुणधर्मों को समस्त ग्रामवासियों तक पहुंचाने की अपील की। उनके करकमलों से विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही विशिष्ट अतिथि क्रमशः श्री धनवंत एवं श्री डिगम्बर राठिया ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम जोबी में सम्पन्न हुई इतनी वृहदत्तर कार्यशाला में न केवल वित्तीय प्रबंधन के बारे में जागरूक करने, बल्कि एक सुरक्षित और सफल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किए जाने पर हर्ष जताया। अंतिम दौर में, प्रशिक्षु प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा कर बताया कि उन्हें जो कुछ भी सीखने को मिला, उससे वे समझ गए है कि ÷सबसे पहले ठगी से सुरक्षा फिर बचत और सही समय पर किए गए उचित निवेश का निर्णय ही अहम है। अब वे वित्तीय प्रबंधन को और बेहतर तरीके से संभाल सकेंगे। इस विचार के साथ ने सहायक प्राध्यापकगणों में मंच संचालक श्री वीपी पटेल एवं कार्यक्रम समन्वयक श्री योगेन्द्र राठिया की अगुआई में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में अर्जित वित्तीय ज्ञान को अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लिया।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा विजय कुमार होता ने उपजेल बीजापुर का किया निरीक्षण



**बीजापुर 30 सितम्बर।** श्री विजय कुमार होता, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा, जिला-द0ब0दतेवाड़ा (छ0ग0) के द्वारा श्री संतोष तिवारी, न्यायाधीश कुटूम्ब न्यायालय दंतेवाड़ा एवं श्रीमत्ति अपुरवा दांगी, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण दंतेवाड़ा तथा श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर/अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर, की उपस्थिति में जिला बीजापुर के न्यायिक अभिरक्षा उप जेल बीजापुर का निरीक्षण किया गया।विजय कुमार होता अध्यक्ष, जिला विधिक सहायता प्राधिकरण दंतेवाड़ा द्वारा श्री अश्वनी कुमार शुक्ला, सहायक जेल अधीक्षक बीजापुर की उपस्थिति में उप जेल बीजापुर, में विचाराधीन बंदियों से मुलाकात कर उनके प्रकरणों से संबंधित कानूनी सहायता प्राप्त करने हेतु विस्तृत जानकारी देते हुये, विचाराधीन बंदियों को विधिक अधिकारो से अवगत कराया गया तथा उन्हे सुप्रीम कोर्ट के प्रावधान के तहत् विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क पैरवी करने हेतु वकील की सुविधा के बारे में बताया गया तथा विचाराधीन बंदियों को प्रकरण के प्रत्येक पेशी तिथि को न्यायालय में उपस्थित किये जाने अथवा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विचाराधीन बंदियों का न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु सहायक जेल अधीक्षक, उप जेल बीजापुर को निर्देशित किया गया तथा विचाराधीन बंदियों के समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु तत्काल कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। विचाराधीन बंदियों द्वारा पूछे गये प्रश्नो का जवाब देते हुये उन्हे अपराधिक कृत्यो से दूरी बनाते हुये भविष्य में समाज में सामान्य जीवन जीने हेतु मार्ग-दर्शन दिया गया।विजय कुमार होता द्वारा श्री जागेश्वर कौशल, अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर, श्री अभिशेख तम्बोली, डिप्टी कलेक्टर बीजापुर की उपस्थिति में जिला बीजापुर में सत्र न्यायालय हेतु एवं न्यायाधीश आवास हेतु विभिन्न स्थलो को अवलोकन किया गया, साथ ही न्यायालयीन कर्मचारियों हेतु न्यू जे.ई.डी. कॉलोनी मांझीगुड़ा बीजापुर में नवनिर्मित आवासों का भी निरीक्षण किया गया तथा निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किये जाने तथा न्यायालयीन कर्मचारीयों को आबटिंत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

श्री विजय कुमार होता सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गवर्ना, डिप्टी कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल, श्री अभिशेख तम्बोली, डिप्टी कलेक्टर बीजापुर एवं समस्त उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी तथा कर्मचारीयों के द्वारा ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान अन्तर्गत वृक्षारोपण भी किया गया।

### विकास कार्यों का शुभारंभ



**अम्लेश्वर।** दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम एवं विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ पालिका परिसर में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद विजय बघेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रीमति हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि फेरहा राम धीवर ,महामंत्री कैलाश यादव ,जनपद सदस्य श्रीमती रेवती दयानंद सोनकर ,जनपद सदस्य डॉक्टर घनश्याम कौशिक, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोहन साहू ,नगर अध्यक्ष डॉक्टर आलोक पाल रहे।कार्यक्रम के शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्य अर्पण कर राजकीय गीत के साथ किया। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

### सड़क किनारे पलटी स्कॉर्पियो

**पत्थलगांव, 30 सितंबर।** अंबिकापुर रोड़ के कदमघाट समीप शनिवार की रात करीब 11 बजे सड़क किनारे तेज रफ्तार स्कॉर्पियों के पलट जाने से 5 युवक घायल हो गए। वहीं इस हादसे में सभी युवक बाल बाल बचे। मिली जानकारी अनुसार मो. समीर खान पिता मो हनीफखान 35 वर्ष ध् राजेश सिदार पिता बुटन सिदार 23 वर्ष ध् प्रियांश एक्का पिता राजेंद्र एक्का 17 वर्ष ध् सूरज बंजारे पिता शंकर बंजारे 18 वर्ष ध् रोशन तिर्की पिता अजय तिर्की 29 वर्ष स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 14 एमटी 8700 में बैठकर घर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान कदमघाट समीप सामने से आ रही ट्रक और सड़क पर गड्ढे में वाहन जाने से अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा पलटी,यह हादसा इतना भयानक था कि गनीमत रही किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जिसके बाद चारपहिया वाहन में रास्ते से गुजर रहे भाजयुमो ग्रामीण मंडल प्रभारी अरुण यादव एवं राहुल यादव समेत आसपास के लोगों दुर्घटना के देखकर सूझबूझ से घायलों को स्कॉर्पियो से बाहर निकाला। वही पत्थलगांव पुलिस को सूचना मिलने से मौके पर पहुंचकर निजी वाहन में तत्काल घायलों को बैठाकर अस्पताल भर्ती कराया गया।

# सास-बहू व नंनद की नोक-झोंक ने बांधा समां





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,30 सितंबर।** मोबाईल फोन हर हाथ की जरूरत बन चुका है,परंतु इसके नुकसान ने अब परिवारिक रिश्तो मे भी खटास लानी शुरू कर दी है। इसी उददेश्य को समझाने के लिए अग्रसेन जयंती के सांस्कृतिक कार्यक्रम मे सास बहु नंनद की नोक झोंक पर आधारित कार्यक्रम रखा गया था। दिन शनिवार की देर शाम इस कार्यक्रम मे एक दर्जन से भी अधिक बहु बेटियों ने अपना अभिनय प्रस्तुत किया। प्रथम स्थान पर बी.एफएफ ग्रुप ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर सोनिका एंड ग्रूप था,वही तीसरे स्थान पर निधि गर्ग एंड ग्रुप रही। तीसरा स्थान पर आये ग्रुप की महिलाओ मे घर परिवार मे बढते मोबाईल क्रेज पर अपनी नोक झोक प्रस्तुत की,उन्होने समाज को बताया कि मोबाईल जरूरत जरूर है,परंतु उसका अधिक इस्तेमाल अब जी का जंजाल बनते जा रहा है,इन महिलाओ ने अपने अभिनय मे बताया कि मोबाईल से अब रिश्तो मे दरार पडने लगी है,परिवारिक रिश्तो को निभाने से ज्यादा महिलायें संचारक्रांति मे उलझ कर रह गयी है,यही कारण है कि अब समाज से संस्कृति दूर होकर मोबाईल दिल और दिमाग पर अपनी जगह बनाते जा रहा है। अभिनय कर रही दूसरे ग्रुप की महिलाओ ने बेटी से बहु बनकर ससुराल जाने के दौर पर अपना अभिनय प्रस्तुत किया,इन महिलाओ ने बेटी से बहु बनी महिलाओ को ससुराल की बातें मायके मे साझा करने के बाद परिवारिक संबंधो मे आने वाली दूरियों पर अपना अभिनय प्रस्तुत किया,इसी तरह प्रथम आये ग्रुप की महिलाओ ने वैवाहिक उत्सव से पूर्व समाज मे बढते प्री वेडिंग के चलन पर अपना अभिनय दिया। इन महिलाओ ने प्री वेडिंग पर पूरी तरह रोक लगाकर टूटते मधुर संबंधो को बचाने का संदेश दिया। दिन शनिवार की देर शाम हो रहे संस्कृतिक कार्यक्रमो ने समाज को नयी सोच नयी दिशा एवं भूलती संस्कृति को पुनः पुर्नजीवीत करने संकेत दिया।

नव्या और वाणी ने शिव पार्वती बनकर मोहा मन-ःदिन शनिवार को महिलायें जहा अपने अभिनय से समाज को जागृत करने का प्रयास कर रही थी,तो वही छोटे बच्चे भी अपनी कला का जलवा बिखेरने से कोई कमी नही रखे। नन्ही बच्ची नव्या और वाणी ने शिव पार्वती बनकर बेहद मनमोहक अभिनय के साथ आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी,जिसकी निर्णायको के अलावा पूरे अग्र समाज ने प्रशंसा की। इस प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान रिया गुंजन की जोडी रही। दूसरे स्थान पर आर्या व मौली की जोडी रही। वही तीसरा स्थान पर रूपाली श्रुति ने बनाया था।

## गरीब असहाय महिला को मिला सपनों का घर

**बीजापुर,30 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



प्रधानमंत्री आवास योजना शासन के सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जो गरीब, मजदूर, किसान और अंतिम व्यक्ति के हितग्राहियों को स्थायित्व रुप से जीवन भर के लिए लाभान्वित करती है। आज के युग में हर किसी का सपना होता है कि उनका स्वयं का एक अच्छा आशियाना हो और इसी के लिए कड़ी मेहनत और जद्दोजहद करने से परहेज नहीं करते, चाहे स्वयं का सपना हो या अपने बच्चों की ख्वाहिश लेकिन सभी अपने-अपने स्वयं के घर का सपना संजोए रखते हैं। लेकिन हर कोई घर बनाने में सक्षम नहीं हो सकता इसलिए केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना उन सभी वर्गों के लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जो अपने घर बनाने में सक्षम नहीं है बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बारेगुड़ा निवासी एक विधवा महिला का भी स्वयं का घर बनाने का सपना था, किंतु पति के मौत के बाद असहाय हो चुकी महिला के लिए घर बनाने का सपना पूरा होना असंभव प्रतीत होने लगा। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत मजदूरी करने वाली महिला के लिए वास्तव में यह एक सपना ही था।तभी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका पंजीयन जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी के सहयोग से हुआ और अंततः उनका पक्का आवास पूर्ण हुआ एक असहाय महिला को उनके सपने पूरे करने में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित विभागीय अमला भी योगदान दिए और उनके गृह प्रवेश में जिला पंचायत सदस्य श्री बसंत राव ताटी, सीईओ जनपद पंचायत श्री दिलीप कुमार उईके सहित गणमान्य नागरिक भी उत्साहपूर्वक शामिल होकर उस गरीब असहाय महिला का उत्साहवर्धन किया।

## दुगईगुड़ा पोटाकेबिन छात्र की मृत्यु के संबंध में सीएमएचओ डॉ. पुजारी ने दी जानकारी

**बीजापुर,30 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राकेश पुनेम पिता श्री सुदरू पूनेम उम्र 7 वर्ष को 27 सितंबर 2024 को दिन में आवापल्ली के अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था, उस समय उसे हल्का बुखार और सर्दी खांसी की शिकायत थी, मलेरिया की भी जांच की गई थी जो कि नहीं था तब उसे दवा देकर वापस भेजा गया था, बच्चा रात में अपने भाई के साथ ही सोया था और ठीक था, सुबह उठने के बाद नित्य कर्म से निवृत्त होकर लगभग 7 बजे वह अपने भाई के साथ बैठा था फिर चक्कर आ रहा है करके लेट गया फिर उसे अस्पताल ले गये तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दो डॉक्टर्स की टीम के द्वारा बच्चे के परिजनों एवं एसडीएम उसूर श्री भूपेन्द्र गावड़े की मौजूदगी में उसका पोस्ट मॉर्टम वीडियोग्राफी के साथ किया गया। पोस्ट मॉर्टम में उसके दिल के कैविटी में लगभग 40 से 50द्वद्य पानी पाया गया है जो कि दिल की बीमारी की स्थिति में होती है जिसे मेडिकल की भाषा में कार्डिएक ष्टड्डह्म्स्रद्बड्डष् ञ्जड्डद्वश्चश्ठ्ठड्डस्रद्ग कहा जाता है जो कि बच्चे की अचानक मृत्यु का कारण हो सकता है। बच्चे का दिल और अन्य विसरा को आगे की पुष्टि के लिए स्न्स्रु रायपुर भेजा जा रहा है उपरोक्त अनुसार यह कहा जा सकता है कि बच्चे की मृत्यु में कहीं भी किसी से भी कोई लापरवाही नहीं हुई है

## स्वयंसेवकों ने साप्ताहिक बाजार में चलाया स्वच्छता अभियान



**बीजापुर,30 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अर्न्तगत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही जिसमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय शहीद वेंकट राव स्नातकोतर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया एवं साप्ताहिक बाजार बीजापुर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए पालिथिन के बदले कपड़े के थैले उपयोग करने की समझाइस एवं निःशुल्क 100 नग कपड़े के थैले बाजार पहुंचे लोगो को प्रदाय कर स्वच्छता का संदेश दिया।

## विस्फोटक के साथ 3 सक्रिय माओवादी गिरफ्तार डीआरजी और थाना गंगालूर की संयुक्त कार्रवाई



**बीजापुर,30 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 27/09/2024 को थाना गंगालूर में डीआरजी और थाना गंगालूर की संयुक्त टीम नैनपाल, एड़समेटा, मल्लूर की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान से वापस आने के दौरान दिनांक 28/09/2024 को नैनपाल-पुलसुमपारा गंगालूर के मध्य पुलिस पार्टी को देखकर छिपते हुए 03 संदिग्ध व्यक्ति दिखे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया ।पकड़े गये व्यक्यिों से पूछताछ करने पर अपना नाम बुधराम कोरसा पिता सुक्कू कोरसा उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी गायतापारा मुनगा थाना गंगालूर 2छोटू लेकाम पिता मंगू लेकाम उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी गायतापारा मुनगा थाना गंगालूर 3लखन कुंजाम पिता स्व0 हुंगा कुंजाम उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी गायतापारा मुनगा थाना गंगालूर पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज एवं प्रतिबंधित संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद किया गया ।पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश किया गया है ।

## आवास मित्र के चयन के लिए 2 अक्टूबर तक दावा आपत्ति

**बीजापुर,30 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्माण किए जाने वाले हितग्राहियों के आवासों के लिए हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन देने तथा सामग्री उपलब्धता के दृष्टिकोण से आवास मित्र/समर्पित मानव संसाधन के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके परिपालन में निर्धारित तिथि तक 131 आवेदन प्राप्त हुए, प्राप्त आवेदनों का चयन समिति द्वारा जांच उपरांत पात्र/अपात्र सूची तैयार की गई। सूची में 113 पात्र तथा 18 अभ्यर्थियों का दस्तावेज अपात्र पाए गए, उक्त पदों हेतु प्राप्त आवेदकों की सूची कार्यालय जिला पंचायत बीजापुर के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। यदि किसी भी अभ्यर्थी को उक्त सूची में कोई आपत्ति हो तो कार्यालय जिला पंचायत बीजापुर के आवक/जावक के माध्यम से 2 अक्टूबर 2024 सायं 5.30 बजे तक अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेजों के मूलप्रति के साथ अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# न्याय यात्रा में शामिल हुए भाटापारा के सैकड़ों कार्यकर्ता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 30 सितम्बर।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के नेतृत्व में प्रतिदिन भाटापारा विधानसभा से सैकड़ो की संख्या मे कांग्रेसजन छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल हो रहे है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पहुंच रहे हर छोटे बड़े कार्यकर्त्ता से सहजता व सरलता से मिलकर आगे बढ़ रहे... इससे प्रत्येक कार्यकर्त्ताओ में बड़ा ही उत्साह है। हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर न्याय की लड़ाई लड़ रहे है। दिन प्रतिदिन काफ्लिा बढ़ते ही जा रहा है।

माहेश्वरी ने कहा की प्रथम दिन नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश के सभी विधायक, पूर्व विधायक, छाया विधायक, प्रदेश, जिला, ब्लाक, नगरीय निकाय, पंचायत, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस आदि शामिल हो रहे है। आम जनता द्वारा जगह जगह स्वागत कर न्याय यात्रा का समर्थन कर रहे है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ की जनता के मन से उतर गई है। आज चुनाव हो जाए तो भाजपा 20 सीट भी नही जीत पाएगी। भाजपा को जनता चुनकर पक्षतावा कर रही है। कांग्रेस के नेताओ को टारगेट किया जा रहा है। मनुवादी भाजपा सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग पर अत्याचार कर उन्हे झूठे मामले में जेल भेज रही है। पदयात्रा कार्यक्रम में क्षेत्र से जनपद उपाधक्ष विवेक अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमर मांडवी, सिमगा अध्यक्ष कृष्ण कुमार नायक, लक्ष्मी पांडे, दीपक वर्मा, अंकुश भाटिया, दौलत बंजारे, विष्णु कोशले, संजय वर्मा राजा तिवारी, कुंजी देवांगन बृजमोहन वर्मा, मायाराम वर्मा, रामेश्वर राव, तुलाराम बंजारे, गणपत सतनामी, सुमरण दास मानिकपुरी कपूर चंद खुटे, त्रिलोचन वर्मा, पवन तिवारी, चुलबुल विश्वकर्मा, मोहन यादव, उमेश यादव, जितेंद्र वर्मा, भूपेश जांगड़े, सरिता घृतलहरे आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता भाग ले रहे है।

## समाचार संक्षेप

### कला उत्सव में बिखरी साहित्यिक सांस्कृतिक छटा



**छुरा, 30 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकसित भारत वर्ष 2047 में भारत के लिए एक दृष्टिकोण विषय वस्तु पर विकासखंड स्तरीय कला उत्सव बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय छुरा प्रांगण पर संपन्न हुआ। पारंपरिक लोक कलाओ और शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर केंद्रित 6 विधाओं में प्रतियोगिता रखी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव एवं जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी बतौर अतिथि उपस्थित रही। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल.मतावले एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हरीश देवांगन के निर्देशन में बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने एवं शिक्षा में कला को बढ़ावा देने हेतु प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने कहा कि बच्चों के अंदर छिपी साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से शासन द्वारा कला उत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन सहायक नोडल सीमा सिंह ने किया। नोडल अधिकारी एन.सी. साहू, समन्वयक शंकर लाल यदु, खोरबाहरा निषाद, संतराम कंवर, नंद झरोखा कुर्रे, पंकज साहू, पाल, शीतल ध्रुव आयोजन के सहभागी बने। मोहिनी गोस्वामी, सुनीता देवांगन, भुनेश्वरी पटेल, राजेश्वरी वर्मा, मीना यादव, रेखा प्रधान, विनोद देवांगन, आनंद विश्वकर्मा, केशव साहू ने निर्णायक की भूमिका अदा की। एकल गायन में सत्यम सिन्हा प्रथम, एकल वादन ख्याति शर्मा, एकल नृत्य भूमिका साहू, चित्रकला हर्षित सिन्हा, कहानी वाचन डुमेश्वरी यादव, समूह नृत्य में सिद्धि पांडे एवं साथी ने प्रथम स्थान हासिल किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### पीएम हायर सेकेंडरी स्कूल कसडोल के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जीते कई पदक



**कसडोल, 30 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पीएम हायर सेकेंडरी स्कूल कसडोल के खिलाड़ियों ने अलग अलग जगह में आयोजित 24 वी राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें दिनांक 01 सितम्बर 2024 से 04 सितम्बर 2024 तक अंबिकापुर में आयोजित फुटबॉल( यू-17) प्रतियोगीता में कक्षा 9 वी के पीयूष पल ने कांस्य पदक जीता, दिनांक 08 सितम्बर 2024 से 12.सितम्बर 2024 तक जगदलपुर में आयोजित रग्बी( यू-19) प्रतियोगिता में कक्षा 12 वी हिमांशु डायमंड ने कांस्य पदक जीता और दिनांक 23 सितम्बर .2024 से 26 सितम्बर .2024 तक महासमुंद में आयोजित रग्बी( यू -17) प्रतियोगिता में कक्षा 10 के लोकेश साहू ने भी कांस्य पदक जीता द्य इन तीनों खिलाड़ियों ने हमारे स्कूल के लिए 3 कांस्य पदक जीत कर दिनांक 17 सितम्बर 2024 से 20 सितम्बर .2024 तक बलौदाबाजार में आयोजित टच रग्बी(यू -14) प्रतियोगिता में कक्षा 7 वीं के कबीर और कक्षा 9 वीं के इंद्रजीत साहू ने रजत पदक जीता। जिला स्तर, संभाग स्तर और राज्य स्तर में हमारे स्कूल का नाम रोशन किया द्य इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक प्रभारी सेजेस, पीएम प्रभारी जहीर अब्बास, पी टी आई संजीव ध्रुव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश शंकर साहू एवं समस्त सदस्य गण तथा प्राचार्य संतोष वर्मा व समस्त स्टाफ ने उज्वल भविष्य की कामनाएं की।

## एक नजर

### सिंधियों ने अध्यात्म के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया: पूर्णिमा



**दल्लीराजहरा, 30 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ज्ञानांजलि भवन में 24 सितंबर को सिंधी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए दल्लीराजहरा ब्रह्मा कुमारीज़ ज्ञानांजलि भवन की संचालिका ब्रह्मा कुमारी पूर्णिमा बहिनजी एवं सिंधी समाज के अध्यक्ष व्यापारी संघ के अध्यक्ष भ्राता गोविंद वाधवानी, भ्राता कन्हैया लाल कुकरेजा जी, भ्राता जसवंत कुकरेजा, भ्राता संजय पंजवानी, भ्राता सुरेन्द्र मोरयानी, सिंधी महिला समाज की अध्यक्षा बहन उर्मिला कुकरेजा, कांग्रेस की उपाध्यक्षा शिरोमणि माथुर, एवं ब्रह्मा कुमारी आशा बहन हैं। सिंधी सम्मेलन में अध्यक्षता केर रूप में सम्बोधन करती हुई ब्रह्मा कुमारी पूर्णिमा बहिनजी ने कहा कि सिंधियों ने आधयात्म के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दिया है और संस्था की शुरुआत भी सिंधियों से हुआ है जो कि संस्था के संस्थापक दादा लेखराज कृपलानी थे जो कि वो भी सिंधी ही थे, आगे उन्होंने कहा कि समाजिक, आर्थिक, व्यवहारिक एवं गृहस्थ जीवन में सुख शांति के लिए आध्यात्म की अति महत्वपूर्ण भूमिका है जिसका सभी को आवश्यकता है।

### प्रशासन की सख्ती से तीन माह में सड़क दुर्घटना में आई कमी

**बलौदाबाजार, 30 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता एवं जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में सड़क सुरक्षा बैठक संपन्न हुई। पिछले तीन माह से पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग के द्वारा हुए सख्त कार्रवाई से गत वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटना में कमी आयी है.फिर भी स्थिति है चिंताजनक है। गत वर्ष जहा उक्त तीन माह में 131 सड़क दुर्घटना में 68 व्यक्ति मृत एवं 96 घायल हुए थे वहीं इस वर्ष तीन माह में 119 सड़क दुर्घटना में 40 व्यक्ति मृत एवं 102 घायल है। पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर 1 जनवरी से सितंबर तक कुल 17, 943 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 81 लाख 51 हजार 600 रूपये समन शुल्क वसुल किये जा चुके है। उसी तरह इंटरसेप्टर वाहन की मदद से माह जुलाई, 2024 तथा अगस्त, 2024 में ओव्हर स्पीड / खतरनाक ढंग/ शराब पीकर वाहन चालन / इत्यादि धाराओं पर कार्रवाई कर कुल 223 प्रकरण में से 8 लाख 65 हजार रूपये वसूली की गई है। साथ ही साथ परिवहन उड़नदस्ता द्वारा सितंबर माह तक जिले मेंकुल 18, 950 चालान संख्या पर कार्रवाई कर 3 करोड़ 16 लाख 75 हजार 300 रूपये समझौता शुल्क वसूल किये जा चुके है।

### भाटापारा पुलिस ने रोड पर खड़े ट्रकों के पहिए चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया

# 2 अपचारी बालक सहित 7 आरोपी पकड़ाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 30 सितम्बर।** भाटापारा पुलिस द्वारा में रोड में खड़ी ट्रकों के पहिए चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस द्वारा ट्रकों के पहिए व बैटरी जैक चोरी करने वाले इस गिरोह के 2 अपचारी बालक सहित कुल 7 आरोपी सदस्यों को गिरफ्तार किया।

गिरोह के सदस्य अंधेरे जगह पर खड़े ट्रकों की करते थे पहचान एवं ट्रक से पहिए बैटरी व जैक निकाल कर उसे चोरी कर हो जाते थे फरार आरोपियों द्वारा ट्रकों के भारी भरकम पहिए चोरी कर ले जाने के लिए कार, छोटा हाथी एवं ऑटो का किया जाता था इस्तेमाल आरोपियों द्वारा भाटापारा मंडी गेट के पास खड़े ट्रकों से पहिए चोरी करने की सिलसिलेवार घटनाओं को दिया गया अंजाम आरोपियों से ट्रकों से चोरी किए गए 22 नग पहिया, 04 नग जैक, 08 नग बैटरी एवं 04 नग डिस्क किया गया बरामद किया है। आरोपियों से चोरी करने में इस्तेमाल एक कार, एक ऑटो, एक छोटा हाथी एवं चोरी करने में प्रयुक्त अन्य औजार भी जब्त किया गया। साइबर सेल की टेक्निकल टीम एवं भाटापारा सिटी सर्विलांस के तहत शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों को पकड़ने में सफ्लता मिली। 18-19 सितम्बर की दरम्यानी रात तथा 26-27 की दरम्यानी रात को भाटापारा शहर के मंडी गेट के सामने रोड में खड़ी ट्रकों से क्रमवार 2 पहिए एवं 4 पहिए कुल 6 पहिए चोरी किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबध्द करते हुए जांच कार्यवाही प्रारंभ किया गया। पुलिस की एक टीम द्वारा ट्रकों के पहिए चोरी करने वाले आरोपियों की पहचान के संबंध में प्रयास किया जा रहा था तथा पुलिस की दूसरी टीम द्वारा मंडी गेट एवं इसके आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन किया जा रहा था। इसके साथ ही साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा भी आरोपियों की पहचान कर उसका पता लगाने का कार्य किया जा रहा था। उक्त चोरी के मामले का खुलासा शहर थाना परिसर मे एडिशनल एसपी अभिषेक सिंह, ने किया इस दौरान एसडीओपी एश्वर्य चन्द्राकर, प्रभारी टी.आई.हेमंत पटेल, साईबर सेल प्रभारी संजीव राजपूत व पुलिस टीम मौजूद रही

खडी ट्रको से पहियों बैटरी की चोरी से वाहन मालिक चिंतित थे और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर ज्ञापन भी सौंपा था

वहीं दूसरी ओर चोरो को पकडने मे पुलिस को मिली बडी सफ्लता के लिए ट्रक मालिक संघ ने राधेश्याम शर्मा फगा महराज के नेतृत्व मे बाजे गाजे फूलमाला के साथ पुलिस स्टाप का स्वागत किया इस दौरान बडी संख्या मे ट्रक मालिक संघ के लोग उपस्थित रहे।

#### पकड़े गये आरोपियों के नाम

1. गौरीशंकर टोंडे उम्र 19 वर्ष निवासी इमली पारा थाना तखतपुर जिला बिलासपुर
2. मनोज टोंडे उम्र 36 वर्ष निवासी इमली पारा थाना तखतपुर जिला बिलासपुर
3. मोहित गेंदले निवासी ग्राम गुजेरा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा
4. दिनेश कुमार देवांगन उम्र 29 वर्ष निवासी चिंगराजपारा बिलासपुर थाना सरकंडा जिला बिलासपुर
5. संतोष कौशल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कोबा थाना डौंडीलोहारा जिला बालोद
7. अपचारी बालक 02

# शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिल रही सरस्वती साइकिल योजना से:अनिल

### बालिकाओं को साइकिल मिलने से स्कूल आने-जाने में होगी आसानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नेवरा, 30 सितम्बर।** बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 28 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर एक कला उत्सव का भी आयोजन किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि गौरव अग्रवाल, ईश्वर यदु, विजय ठाकुर, खुमान वर्मा और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों आनंद शर्मा, अंकित शर्मा, अमित अग्रवाल, प्रियांक सोनी और पार्षद मनोज निषाद, सुरेश लखवानी ने मुह मीठा कराकर और गुलाल लगाकर साइकिल वितरित की।

अनिल अग्रवाल ने शासन की इस योजना की सराहना की और कहा, यह योजना बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने में मदद कर रही है। जो बालिकाएं परिवहन की असुविधा के कारण विद्यालयों में प्रवेश नहीं ले पा रही थी, वे अब इस साइकिल योजना का लाभ लेकर विद्यालय में पढ़ रही हैं। यह 'बालिका पढ़ेगी, विकास गढ़ेगी' को चरितार्थ कर रही है। पार्षद मनोज निषाद ने भी बालिकाओं को इस सुविधा का लाभ लेते हुए प्रोत्साहित किया और कहा, शिक्षा ही हमारे भविष्य को उज्ज्वल बना सकती है। हमें अपनी बेटियों को शिक्षा के अवसर प्रदान करने में कोई कमी नहीं रखनी चाहिए। कला उत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। यह आयोजन विद्यालय के परिसर में आयोजित किया गया था। उक्त कार्यकम का मंच सचालन भागीरथी पांसे ने किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के जेके जेहोआश, खुवचंद कश्यप, सुरेश टंडन, चुरामन लाल निषाद, नरेन्द्र रात्रे, सुषमा दुवे, किरण साहू, अल्का मिश्रा, कांति बडा, सविता वर्मा, तरशिला खाखा कुसुम नाग रहे।

### आयुष्मान भारत पखवाड़ा के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलोदाबाजार, 30 सितंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में आयुष्मान भारत पखवाड़ा के तहत गांव गांव में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत सभी छूटे हुए हितग्राहियो को आयुष्मान पंजीयन, स्कूलो के बच्चों द्वारा आयुष्मान रैली, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों द्वारा घर-घर आयुष्मान हर घर आयुष्मान की जागरूकता हेतुं सभा एवं शासकीय चिकित्सालयों द्वारा जाँच शिविर एवं शासकीय स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता शामिल है।जिला सलाहकार विनय मिश्रा के बताया की ज़िले के सभी हायर सेकेंडरी स्कूलो में आयुष्मान भारत योजना के संबंध निंबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में बच्चों को योजना के बारे में कुछ विषय देकर निबंध लेखन करवाना, अच्छे लेखन को पुरस्कृत करना, सायकल रैली निकालकर लोगों में आयुष्मान योजना का अच्छा संदेश देना, योजना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य हेतु अस्पतालों में सम्मान समारोह आयोजित करना आदि गतिविधियों द्वारा लोगों में योजना के प्रति प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का दो सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन का 12वां दिन

# मंत्रियों व अधिकारियों को जगाने किया सद्बुध्दि यज्ञ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 30 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर के प्रांतीय आवाहन पर दो सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन का आज 12 वां दिन है जिसमें शासन के आला अधिकारियों व मंत्रियों को जगाने सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया।विदित हो कि विगत 18 सितंबर 2024 से छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ अपने दो सूत्री मांग को लेकर आंदोलनरत है जिसमें पहला 2007 से समर्थन मूल्य धान खरीदी के कंप्यूटरीकरण वर्ष से विगत 17 वर्षों से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर का विभाग तय किया जाए व उन्हें नियमित किया जाए। तथा दूसरा शासन के वित्त निर्देश में जारी 27 परसेंट वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। इन्हीं दो मुद्दों को लेकर विगत 12 दिन से डाटा एंट्री ऑपरेटर निश्चित कालीन आंदोलन में चले गए हैं जिससे सोसाइटी में धान खरीदी के लिए पंजीयन पूर्णता बाधित है तथा सोसाइटी पूर्णतया ऑफ्लाइन हो गई है जिससे किसानों को यदा कदा भटकना पड़ रहा है।

शासन के संबंधित विभाग खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, पंजीयक सहकारी संस्थाएं, से लेकर मुख्यमंत्री तक कई बार गुहार लगा चुके कंप्यूटर ऑपरेटर आज 12 दिन से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने के लिए मजबूर हैं तथा आज 12 दिन धरना स्थल तूता रायपुर में सद्बुद्धि यज्ञ का महा आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश भर के 2739 डाटा एंट्री ऑपरेटर के माध्यम से प्रदेश के शासन प्रशासन के सद्बुद्धि के लिए यह यज्ञ पूर्ण समर्पित भाव से किया गया जिससे कि शासन की सद्बुद्धि आए व 17 सालों से शोषित और वंचित डाटा एंट्री ऑपरेटर को उनका हक और अधिकार प्राप्त हो। एक तरफ सहकार से समृद्धि की चर्चा करते हुए तरह-तरह का आयोजन सरकार कर रही है दूसरी तरफ इतने वर्षो से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर का सुध लेने के लिए कोई सहकार नहीं है। हम ने बनाया है हम ही सवारेंगे की रीति नीति को लेकर आगे बढ़ने वाला भाजपा सरकार इस बात की अनदेखी कर रहा है की लगातार 17 वर्षो से कार्यरत कर्मचारी यो जिनका उम्र भी शासन की सेवा देकर निकल गया है उनके लिए सवर्णी का कोई कार्य नहीं हो रहा है तथा संवेदनहीन बनी हुई है तथा कोई मार्मिक नहीं है।

वर्तमान में पैक्स कंप्यूटराइजेशन के तहत कंप्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटर का दिन रात मेहनत लिया गया है लेकिन इन्हीं कर्मचारियों के बदौलत ऑनलाइन पैक्स कंप्यूटरकरण को अंजाम देने पर भी आज तक इन कर्मचारियों की सुनवाई नहीं की गई है।

आज सद्बुद्धि यज्ञ में पूरे छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले के डाटा एंट्री ऑपरेटर ने आज रविवार को भी अपनी उपस्थिति देकर अनवरत रूप से आंदोलन जारी रखा वह सद्बुद्धि यज्ञ में प्रत्येक ने अपनी सहभागिता निभाई। उपस्थित डाटा एंट्री ऑपरेटर में प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे संयोजक विद्याशंकर यादव, उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, मीनाक्षी यादव, संरक्षक नरेश साहू संरक्षक संतोष साहू सचिव मोहन डहरिया सहित सभी जिला अध्यक्ष डाटा एंट्री ऑपरेटर की उपस्थित व सहभागिता रही।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़**

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ:- जिला- राजनांदगांव तहसील- डोंगरगढ़ प.ह.न.-00023 बधियाटोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202324420417900019

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगढ़ के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम बधियाटोला के वर्तमान भूमिस्वामी मंगलीन पिता/पति-काशीनाथ पता-बधियाटोला, उर्मिला बाई पिता/पति-कांशीनाथ पता-बधियाटोला, शकुनबाई पिता/पति-कांशीनाथ पता-बधियाटोला, निर्मला बाई पिता/पति-कांशीनाथ पता-बधियाटोला के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 251 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शकुनबाई पिता/पति-कांशीनाथ पता-बधियाटोला, निर्मलाबाई पिता/पति-कांशीनाथ पता-बधियाटोला, उर्मिला बाई पिता/पति-कांशीनाथ पता-बधियाटोला के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़



**न्यायालय नायब तहसीलदार सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**

क्रमांक/602/तह./वा./24
सिमगा, दिनांक 17/09/2024
रा.प्र.क्र 202409214900011/ ब/121/23-2024
ग्राम- केसदा प.ह.नं. 19

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गाप्रसाद यादव पिता चैतुराम जाति रावत निवासी ग्राम खोखली तहसील भाटापारा कास्तकार ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा के द्वारा आवेदक वगैरह के नाम पर ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा स्थित भूमि बी-1, खाता क्रमांक 452 ख.नं. 610 रकबा 0.140 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा के द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक वगैरह के नाम पर ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा स्थित भूमि बी-1 खाता क्र. 452 ख.नं. 610 रकबा 0.140 हे. लगान 0.35 रू. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा स्थित भूमि ख.नं. 610 रकबा 0.140 हे. लगान 0.35 रू. का भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका राजस्व विभाग द्वारा आवेदक वगैरह के नाम पर बनाकर दिया गया है। उक्त ऋण पुस्तिका निवास ग्राम खोखली के आस पास दिनांक 05/05/2024 को कही गुम हो गया है तथा बहोत खोजे जाने के बाद भी मिल नही रहा हैं। उक्त ऋण पुस्तिका को किसी भी बैंक से कर्ज लेकर अथवा जमानत लेकर नहीं छोड़ा हूं। आवेदक के नाम पर द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बनाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 10/10/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार सिमगा



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202409092100018
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक हरपाल सिंह भाटिया पिता गुरुबचन सिंह भाटिया जाति सिक्ख उम्र 49 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैण्ड वार्ड नम्बर 17 डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के पिता स्वर्गीय गुरुबचन सिंह भाटिया के नाम पर नजूल नगर डोंगरगढ़, शीट क्रमांक 2. भूखण्ड क्रमांक 943 क्षेत्रफल 920 वर्गफीट, शीट क्रमांक 3. भूखण्ड क्रमांक 1007/1 रकबा 288, 1007/2 रकबा 288 वर्गफीट, 1008/1 रकबा 800 वर्गफीट भूमि मकान स्थित है। आवेदक के पिता स्वर्गीय गुरुबचन सिंह की मृत्यु दिनांक 05/01/2017 को डोंगरगढ़ में निवास करते हो गयी है। आवेदक अपने पिता स्वर्गीय गुरुबचन सिंह भाटिया का नाम नजूल अभिलेखों से विलोपित कर अपना एवं अपनी माँ, बहनों का नाम दर्ज करवाना चाहता है। नजूल नगर डोंगरगढ़, शीट क्रमाक 2. भूखण्ड क्रमांक 943 क्षेत्रफल 920 वर्गफीट, शीट क्रमांक 3. भूखण्ड क्रमांक 1007/1 रकबा 288, 1007/2 रकबा 288 वर्गफीट, 1008/1 रकबा 800 वर्गफीट के नजूल अभिलेखों में आवेदक के पिता श्री गुरूबचन सिंह भाटिया का नाम विलोपित कर आवेदक एवं आवेदक की मां सिन्दर कौर भाटिया, बहन जसदीप कौर, हरजीत कौर का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/09/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ........................
/अ-6/ वर्ष 2023-24
ग्राम- भाटापारा प.ह.नं. 11

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश वल्द दर्शनलाल वाधवानी अन्य 04 निवासी संतकवर राम वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा के द्वारा नगर भाटापारा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं वो तहसील भाटापारा में स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 10 भूखण्ड क्रमांक 88 क्षेत्रफल 4082 वर्गफुट में से एवं भूखण्ड क्रमांक 89 क्षेत्रफल 2336 वर्गफुट वार्षिक भू-भाटक 15.41 रूपये पर निर्मित आवासीय मकान को अनावेदकगण क्रमांक 01 से 04 के पिता तथा क्रमांक 05 के पति दर्शनलाल वाधवानी पिता राणामल वाधवानी निवासी भाटापारा के द्वारा अनावेदक क्रमांक 01 धर्मपाल वल्द लाडूमल कलवानी से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03.09.1975 को क्रय किया गया है। अनावेदक क्रमांक 01 धर्मपाल वल्द लाडूमल कलवानी के द्वारा उक्त क्रय शुदा भूमि को विक्रेता भूरामल वल्द जानीमल हबलानी एवं श्रीमती चन्दाबाई पति निहालदास के मुख्यार मोहनलाल वल्द मंधनदास हबलानी से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 12.10.1970 को क्रय किया गया था, जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में परिवर्तित भूमि 10 भूखण्ड क्रमांक 88 क्षेत्रफल 4082 वर्गफुट में से भूखण्ड क्रमांक 89 क्षेत्रफल 2336 वर्गफुट वार्षिक भू-भाटक 15.41 रूपये मंघनदास पिता भूरामल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज चला आ रहा है। विक्रेता धरमपाल वल्द लाडूमल कलवानी वर्तमान में कहा है इसकी जानकारी नहीं है एवं मंधनदास वल्द भूरामल की मृत्यु होने जाने से उसके उत्तराधिकारी अनावेदक क्रमांक 02 रोशन हबलानी पिता मंघनदास है। आवेदकगण क्रमांक 01 से 04 के पिता एवं क्रमांक 05 के पति दर्शनलाल वाधवानी वल्द राणामल वाधवानी के द्वारा भूलवश तत्कालीन नामांतरण दर्ज नहीं करा पाया था जिससे उक्त भूमि पर भूरामल वल्द जानीमल के स्थान पर नामांतरण क्रमांक 15 एवं 16 आदेश दिनांक 15.07.1987 में मंघनदास वल्द भूरामल के नाम पर दर्ज हुआ है। आवेदकगण के द्वारा अपने पिता द्वारा उपरोक्त कय शुदा भूमि का पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर राजस्व अभिलेखों में मघनदास वल्द भूरामल का नाम विलोपित कर आवेदकगणों के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 14/10/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 14/10/24 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 26/09/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार भाटापारा (छ.ग.)

## एक नजर

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी



**रायपुर, 30 सितम्बर।** 28 सितम्बर को सायं प्रमोद दुबे, पूर्व महापौर और वर्तमान सभापति नगर निगम, रायपुर सौजन्य भेट हेतु वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं सर्व ब्राह्मण परिषद के प्रांतीय कार्यालय, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर में पहुंचे. प्रमोद दुबे का संगठन के पदाधिकारी और सदस्यों ने शाल श्रीफल से स्वागत किया एवं उनके साथ चाय पर समाजिक विषय पर चर्चा की. इस अवसर पर रायपुर से वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष अरविन्द ओझा, प्रदेश महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, युवा अध्यक्ष अविनय शर्मा, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, महासचिव सुनील ओझा, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, सचिव सतीष शर्मा, महिला उपाध्यक्ष मिथिलेश रिछारिया, सांस्कृतिक सचिव प्रीति मिश्रा, राजेश दीक्षित, जितेन्द्र दीक्षित, राकेश नारायण पाण्डेय, रवि शर्मा, उमेश शर्मा, सतीश गोस्वामी, ललित शुक्ला, अंकुर ओझा, विनोद ओझा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे. वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के पदाधिकारियों ने 1 दिसम्बर, 2024 को दूधाधारी सत्संग भवन, रायपुर में आयोजित सर्व ब्राह्मण वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन की आगामी रूपरेखा पर भी चर्चा की गयी.

### अमावस्या पर दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा होगी

**रायपुर, 30 सितम्बर।** आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर की पावन प्रेरणा से सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सौ से ज्यादा बच्चे संडे की शुरुआत स्नात्र महोत्सव से करने लगे हैं। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस भौतिक युग में बच्चों के जीवन को धर्म के मार्ग पर मोड़ना जरूरी है इसी उद्देश्य से गुरुदेव की प्रेरणा से प्रति संडे बच्चों को स्नात्र पूजा, चंदन पूजा व पूजा विधि के सुत्रों का अध्ययन कराया जाता है। दर्शनम देव देवस्य, दर्शनम पाप नाशनम, दर्शनम स्वर्ग सोपानाम, दर्शनम मोक्ष साधनम के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि आज 126 बच्चों को तीर्थंकर परमात्मा के जन्मकल्याणक की, तीर्थंकरों के जन्म से तीन ज्ञान व व अतिशय बलों की जानकारी देकर मेरुशिखर पर स्नात्र महोत्सव कराया गया। जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी देकर नवांगी पूजा कराई गई, जैन धर्म में ही भगवान की प्रतिमा में भक्तों द्वारा सीधे पूजन का विधान है। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार के लाभार्थी विवेक डागा परिवार न्यू राजेन्द्र नगर हैं।

### मंदिरों में उपयोग किए जाने वाले घी की शुद्धता सुनिश्चित होनी चाहिये

**रायपुर, 30 सितम्बर।** भगवान तिरुपति मंदिर जी के लड्डू प्रसादम में गाय व अन्य जानवरों की चर्बी और मछली के तेल जैसे अभक्ष्य पदार्थों के इस्तेमाल की रिपोर्ट आने के बाद से शुद्ध घी की सत्यता संदिग्ध हो गई है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि विश्वभर के मंदिरों में घी का महत्वपूर्ण स्थान है। सभी धर्मों के मंदिरों में भगवान के भोग प्रसाद से लेकर अखण्ड ज्योत, हवन, पूजन प्रत्येक धार्मिक अनुष्ठान में शुध्द घी का महत्वपूर्ण स्थान है। कोचर व चोपड़ा ने आगे कहा कि सवाल केवल तिरुपति मंदिर जी के प्रसाद का नही है, विश्वभर के मंदिरों में प्रसाद बनाए व भगवान को भोग लगाए या चढ़ाए जाते हैं, अखण्ड ज्योत, आरती, हवन पूजन इत्यादि में घी का उपयोग होता ही है।

# नवम्बर माह के अंत में चुनाव की तिथि घोषित होने के संकेत

## रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 30 सितम्बर।** नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव पर रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की छाया मंडराने लगी है। यदि आयोग ने चुनाव की तिथि नवम्बर माह में घोषित कर दी तो इन चुनावों की तिथि आगे बढ़ानी पड़ सकती है।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत आज अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की प्रारंभिक तैयारियों का जायजा लेना शुरू कर दिया है। आयोग के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने 26 नवम्बर के पहले महाराष्ट्र एवं अन्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव कराने की तिथि घोषित करने के संकेत दिए हैं। आयोग के अनुसार किसी भी विधायक के इस्तीफा देने के बाद 6 महीने के भीतर चुनाव कराया जाता है। रायपुर दक्षिण विधानसभा के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने मई महीने में इस्तीफा दिया था इसके चलते दिसम्बर माह में यह चुनाव तकनीकी रूप से कराया जाना जरूरी है। आयोग के अनुसार महाराष्ट्र के साथ ही छत्तीसगढ़ के रायपुर विधानसभा एवं उत्तर प्रदेश के 10 विधानसभाओं में उपचुनावों की तिथि घोषित की जाएगी।

### उपचुनाव के लिए प्रशिक्षण शुरू

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। आयोग ने फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र के काम को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव की तिथि घोषित होते ही मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम रोक दिया जाएगा। ईवीएम-वीवीपैट की भी तैयारियां शुरू हो गई है। इनकी तकनीकी जांच की जा रही है। स्थानीय निर्वाचन शाखा के प्रभारी बांधे सहित अन्य अधिकारियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

### तिथि को लेकर टकराव के आसार

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने का शेड्यूल जारी कर दिया है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए 16 अक्टूबर को प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा तथा 22 नवम्बर को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसी तरह पंचायत चुनाव के भी मतदाता सूची का प्रकाशन नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार यदि विधानसभा उपचुनाव की घोषणा पहले हो जाएगी तो नगरीय निकाय चुनाव की तिथि को टालना होगा। नवम्बर के अंतिम सप्ताह में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके पश्चात महापौर के पद का आरक्षण होगा इसलिए अब नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव पर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की छाया मंडराने लगी है। ज्ञात रहे निर्वाचन प्रतिनिधियों का कार्यकाल जनवरी के प्रथम सप्ताह में समाप्त हो जाएगा। इसके पश्चात यहां पर प्रशासक बिठाया जाएगा।

# कांग्रेस कवर्धा-बलौदाबाजार की घटना को दे रही राजनीतिक मोड़ : मूणत

## अनुपम उद्यान में अव्यवस्था पर अफसरों को लगाई फटकार



**रायपुर, 30 सितम्बर।** कवर्धा और बलौदाबाजार की घटना को लेकर राजेश मूणत ने कहा कि कांग्रेस घटना को राजनीतिक मोड़ दे रही है. कवर्धा में इससे पहले भी घटना हुई झंडा विवाद हुआ. इस विवाद को लेकर के निर्दोषों को जेल में डाला गया, उन पर एसटी-एससी एक्ट लगाए गए. पूर्ववर्ती सरकार पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें, उन्होंने क्या किया था. और बात करनी हो तो बात कर ले, डिबेट करनी हो तो डिबेट कर ले. प्रेस क्लब में उन्हें मैं खुद बुलाता हूं.

सरकार ने 3737 पदों पर की भर्तियां शुरू होने पर विधायक राजेश मूणत ने कहा सबको रोजगार का अवसर मिलना चाहिए. छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी नौकरी के द्वार खोल दिए हैं. लाखों बच्चों को रोजगार मिले इसके लिए काम कर रहे हैं. वहीं रोजगार को लेकर कांग्रेस के बयानों पर मूणत ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस अपना इतिहास का पन्ना पलट कर देख ले. उनके मुख्यमंत्री क्या कहते थे, और घोषणा पत्र में क्या होता था. करनी और कथनी में बहुत फर्क है.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के आज केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में शामिल होने पर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा कि बहुत कुछ बदलाव देखने को मिलेगा. जो विकास के काम रूके हुए थे, अब उनकी गति बढ़ रही है. क्षेत्र में, गली-मोहल्ले में जनता की डिमांड के हिसाब से राजधानी के अनुरूप काम हो रहा. मूणत ने कहा कि उन्होंने अच्छे काम कर दिए होते, तो जनता उन्हें नहीं नकारती. गिरोह बनाकर छत्तीसगढ़ को लूटने का काम कांग्रेस ने किया. छत्तीसगढ़ के बेरोजगार नौजवानों का हक मारा.

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साय सरकार के क़ानून-व्यवस्था नहीं संभाल पाने वाले के बयान पर विधायक मूणत ने कहा कि पांच सालों में कितने घटनाक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री पहुंचे?, कितने अधिकारियों को सस्पेंड किया?, कितने मामलों में जांच की?, आदिवासियों को पीटा गया, नौजवानों को, अनुसूचित जनजाति के लोगों को पीटा गया. इतिहास में है कि कहीं अर्धनग्न प्रदर्शन हुआ है, तो वह छत्तीसगढ़ के नौजवानों ने किया है. कांग्रेस राजनीतिक द्वेष के लिए आपस में लड़ाने का काम करती है.

इसके पहले पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत औचक निरीक्षण के लिए अनुपम गार्डन पहुंचे. गार्डन में अनियमितता पाए जाने पर अधिकारियों को फटकार लगाई. इसके साथ ही अनुपम गार्डन में बन रहे नए रोड को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए. इसके साथ आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को स्वच्छता का पालन कराने शपथ दिलाई. नगर निगम के आयुक्त अविनाश मिश्रा और निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए.

## ईओडब्लयू ने अनवर ढेबर को बताया मास्टरमाइंड

**रायपुर, 30 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के आबकारी प्रकरण मामले में आरोपियों के खिलाफ आज कोर्ट में चालान पेश हुआ है. राज्य के बहुचर्चित शराब घोटाले में नकली होलोग्राम का बड़ा जखीरा ईओडब्ल्यू ने बरामद किया था. नकली होलोग्राम की कड़ी छत्तीसगढ़ से लेकर झारखंड और उत्तरप्रदेश तक जुड़ रही थी. इसके बाद ईओडब्ल्यू ने अनवर ढेबर समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी की थी. नकली होलोग्राम प्रकरण पर ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार आरोपी अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह, दीपक दुलारी और दिलीप पांडे के खिलाफ चालान पेश किया है. गौरतलब है सूबे के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में एसीबी/ईओडब्ल्यू ने जांच कर मुख्य सरगना अनवर ढेबर की धनेली स्थित मैदान से बड़ी मात्रा में नकली अधजले होलोग्राम का जखीरा बरामद किया था। साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब दुकानों पर सिंडिकेट बनाकर अवैध रूप से शराब बेचकर सरकार को सैकड़ो करोड़ की आर्थिक क्षति पहुंचाई थी।

## रेलवे स्टेशनों के केटरिंग स्टॉल, बेस किचन और पेंट्रीकार का निरीक्षण

**रायपुर, 30 सितम्बर।** भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता' थीम के साथ 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक मनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।



इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के 13वें दिन आज मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों के केटरिंग स्टॉल, बेस किचन एवं गाड़ियों के पेंट्रीकार में साफ-सफाई की जांच का अभियान चलाया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता की सर्वोत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करना था। रायपुर मंडल के स्टेशनो में स्वच्छता निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पैकेट बंद खाने, रेलनीर की उपलब्धता, इसके बनने तथा उपयोग की तिथि, कार्यरत कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, पेंट्रीकार की स्वच्छता, पेंट्रीकार में सभी उपकरणों की उपलब्धता आदि जाँची गई। लाइसेन्स, कार्यरत पर्यवेक्षक तथा कर्मचारियों का मेडिकल सर्टिफिकेट, परिचय-पत्र तथा सफाई व्यवस्था का विशेष निरीक्षण किया गया।

## ऐसे में कैसे तैयार होगी हॉकी टीम

■ न पानी न छाया, असुविधाओं के बीच खेल रहे खिलाड़ी

**रायपुर, 30 सितंबर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला हॉकी टीम का चचयन करने आज इंटर कालेज हॉकी स्पर्धा का आयोजन साइंस कालेज स्टेडियम में किया गया। खिलाड़ियों को असुविधाओं की अकारण सजा देकर हॉकी टीम का चयन करने खेलाया गया। भला ऐसे में कैसे मजबूत व योग्य खिलाड़ियों का चयन हो सकेगा। जबकि राज्य शासन से इसके लिए 12 हजार रुपए का बजट जारी किया गया है। आज महिला हॉकी खिलाड़ियों का मैदान में बड़ा बुरा हाल था। उनके लिए पेयजल तक की व्यवस्था तक नहीं थी। खिलाड़ी प्यास में व्याकुल थीं। छाया तक का इंतजाम नहीं था। बैनर भी नहीं लगाया गया था। बैठने के लिए कुर्सियां नहीं मंगाई गई थी। 12 हजार रुपए को कहां खर्च किया गया तथा किसके लिए बचाया गया है इसे तो आयोजक ही जानते होंगे। लेकिन मैदान में कंजूसी व गरीबी का जोरदार प्रदर्शन किया गया। एक तरह से यह जताया जा रहा था कि सरकार से फूटी कौड़ी नहीं मिली है। यह सरकार और राज्य की छवि खराब करने की साजिश है। भला ऐसे में कैसे योग्य खिलाड़ी तैयार होंगे। और कैसे सफल टीम बनेगी। खिलाड़ी तैयार करने व टीम बनाने के नाम पर मैदान में किस तरह का खेल चल रहा है यह तो एक छोटी सी बानगी है। बड़े आयोजनों में न जाने किस-किस तरह का खेल होता होगा।

## न्याय यात्रा का समापन भव्य रूप में होगा



**रायपुर, 30 सितम्बर।** पश्चिम विधानसभा के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हो रहे लगातार हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार जैसे संगीन अपराध को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज नेतृत्व में न्याय यात्रा गिरोधपुरी से 27 सितंबर से निकाली गई है जिसका समापन रायपुर राजधानी के गांधी मैदान में 2 अक्तूबर को होना है इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए 27 तारीख से ही कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता मजबूती से लगा हुआ है और आज तीसरे दिन न्याय यात्रा की भीड़ से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जनता इस 9 महीने की भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुकी है विकास उपाध्याय द्वारा आसपास विधानसभा में लगातार ब्लाकों की बैठक ली जा रही है। शहीद भगत सिंह ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक कुम्हार समाज भवन महादेव घाट रोड रायपुरा में आयोजित की गई और आज गुढ़ियारी स्थित परशुराम भवन में नेता कन्हैया लाल बाजारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक अयोजित की गई जिसमें तमाम कांग्रेस की नेताओं कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में भिड़ लाने कि रूप रेखा तय की गई वही महिला कांग्रेस को घर घर जाकर महिलाओं को निमंत्रण के साथ इस न्याय यात्रा में शामिल करने के लिए आग्रह करने को कहा गया है। महिलाओ को घर घर जाकर इस 9 महिने की सरकार के द्वारा किस प्रकार लगातार महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार को बताना है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है, 2 अक्टूबर को होने वाले इस यात्रा के समापन को ऐतिहासिक बनाने के लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता मजबूती के साथ पार्टी के लिए खड़ा है और छत्तीसगढ़ की अस्मिता की लड़ाई के लिए अंतिम सांस तक लड़ने को तत्पर है।

## मृणालिका को गुजराती गौरव सम्मान

**रायपुर, 30 अक्टूबर।** गुजराती महिला मंडल, रायपुर के स्वर्ण जयंती महोत्सव में डॉ.मृणालिका ओझा को 'गुजराती गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। गुजराती स्कूल, देवेंद्र नगर के ज्ञानोदय भवन में रविवार 29 सितंबर को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में आणंद, गुजरात की मोटिवेशनल स्पीकर एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेघना निमेष जोशी, महिला मंडल की अध्यक्ष कोकिला बेन कोटक, लीना बेन जोशी - सचिव, मीना बेन कांचा - कोषाध्यक्ष, पुष्पा बेन सांगाणी, जूरी मेंबर सहित अन्य पदाधिकारीयों के करकमलों से ओझा को स्मृति चिन्ह प्रदान का सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रकाश भाई बारमेडा, प्रकाश भाई कोटक, दिलीप भाई काचा, प्रदीप भाई जोशी, मुकेश भाई शाह, राजेंद्र ओझा, सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




# मंदिरों मे शारदीय नवरात्र की तैयारियां शुरू

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 30 सितम्बर।** मानसून की विदाई के साथ ही आज राजधानी के अनेक क्षेत्रों में खण्ड वर्षा हुई। किसानों के अनुसार अत्यधिक वर्षा अब फसल के लिए खतरनाक है। आज सर्व पितृ अमावस्या होने के कारण लोगों ने दान पुण्य किया। 2 अक्टूबर को पितरों की विदाई है। इसके पश्चात नवरात्र की धूम शुरू हो जाएगी।

मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार उत्तर भारत सहित मध्य भारत के कई स्थानों से अब मानसून की विदाई होनी शुरू हो गई है। बादलों के लौटने तथा नमी के कारण आज अनेक स्थानों पर वर्षा हुई है। मानसून की विदाई के साथ अब गुलाबी ठंड ने भी दस्तक देना शुरू कर दिया है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष अच्छी वर्षा होने के कारण धान का उत्पादन अच्छा होगा। अब धान में बालियां भी निकलने लगी है। विभिन्न स्थानों पर वर्षा के कारण भूरा माहो का भी पकोप दिखाई देने लगा है। दीपावली के पश्चात जल्द पकने वाली फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी। राज्य में धान खरीदी के लिए भी आज मंत्रीमण्डलीय उपसमिति की बैठक हुई है जिसमें धान खरीदी के लिए किए जा रहे प्रयासों पर रणनीति बनाई जाएगी। राज्य में मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

पितृ पक्ष समाप्त होने के बाद राजधानी में शारदीय नवरात्र की तैयारियां भी शुरू हो गई है। भक्त माना, अंजोरा, थनौद, अमलेश्वर, रायपुर तथा रामकुण्ड से देवी की प्रतिमा लेकर आ रहे हैं। अनेक स्थानों पर स्थल सजावट का कार्य जोरों पर है। राजधानी में सुप्रसिद्ध तारापीठ का आकर्षक मॉडल बनाया जा रहा है। इसके लिए पश्चिम बंगाल से कारीगर बुलाए गए हैं। करबला पारा में भी आकर्षक प्रतिमा के अलावा आकर्षक झांकिया बनाई जाएगी।

### ज्योति कलशों से जगमगाएगा माँ महाकाली 'अघोरेश्वरी' का दरबार, शिवधाम में नवरात्रि की तैयारी

**रायपुर, 30 सितंबर।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिवधाम, तुलसी में शारदीय नवरात्र की तैयारियां जोरशोर से चल रही है। शिवधाम अघोरेश्वर महादेव मंदिर जिला दुर्ग के ग्राम तुलसी (पाटन) में खारून नदी के तट पर स्थित है। इस शिव परिसर में माँ महाकाली (अघोरेश्वरी) माँ धरती की गोद में विराजमान है। माँ महाकाली की प्रतिमा भव्य व जीवंत रूप में स्थापित है। नवरात्रि पर 3 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11.28 बजे घट स्थापना एवं ज्योत प्रज्वलन किया जाएगा। 7 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11.30 बजे माता का श्रृंगार तथा रात्रि 11.27 बजे से पंचमी का हवन किया जाएगा। सप्तमी पर 9 अक्टूबर को रात्रि 11.33 बजे से कालरात्रि पूजन तथा हवन होगा। 11 अक्टूबर को अष्टमी है। इस दिन प्रातः 11.30 बजे से हवन का कार्यक्रम है। 12 अक्टूबर को नवमीं पर मध्यान्ह 12:30 बजे से कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन होगा। यहां यह बताना जरूरी होगा कि शिवधाम में पारद निर्मित शिवलिंग भी स्थापित है। पारा निर्मित शिवलिंग के दर्शन को अत्यंत शुभकारी माना जाता है। रायपुर से महादेवघाट अमलेश्वर, मोतीपुर तथा झीट होते हुए पाटन मार्ग पर ग्राम तुलसी में शिवधाम स्थित है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26